वर्ष : 34 ▸ अंक : 99 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, रविवार, 15 जून 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

फादर्स डे आज

दायित्वनामा



अरुण लाल
arunlal.y@gmail.com



## पिता, आप सब कुछ हो

**बहुत देर तक सोचने के बाद भी कोई ऐसा शब्द सूझा नहीं जो पिता को परिभाषित कर सके। हम चाहे दुनिया के किसी शब्द को ले आएं, 'पिता' उसकी सीमा को लांघ कर कहीं आगे निकल जाता है। 'पिता' शब्द तपती धूप में ठंडी छांव जैसा है। पिता की उंगली पकड़ कर चले कुछ कदम जीवन के सर्वश्रेष्ठ कदम रहे। उनका लाड़, डांट, पिटाई — सब में प्रेम का सागर छलकता है। पिता, आप सब कुछ हो। पिछले कुछ दशकों में भारतीय पिता का रूप विकसित हुआ है। खास तौर पर पिछली तीन पीढ़ियों में यहां व्यापक सामाजिक परिवर्तन हुए हैं, जिनके चलते संबंधों की पूरी धारा ही बदलती दिख रही है। अभी कुछ समय पहले तक 'पिता' का अर्थ था — परिवार का अर्थ-स्तंभ। इस अर्थ में भाव पक्ष उतना प्रबल नहीं समझा जाता था, जितना कि आर्थिक पक्ष, लेकिन समय के साथ आज 'पिता' के अर्थ बदल रहे हैं।**

बदलते सामाजिक परिवेश ने पिता की पारंपरिक छवि को तोड़ दिया है। स्त्री-पुरुष के संबंधों में खुलापन और बराबरी की चर्चा भर ने पुरुषों को अपने बच्चों पर प्रेम प्रदर्शन करने की अनुमति दे दी। वे दिन लद गए जब पिता का काम केवल आर्थिक जिम्मेदारी तक सीमित था और मां बच्चों व परिवार की जिम्मेदारी संभालती थी। आज पिता को ऑफिस से लौटने के बाद अपने बच्चे और पत्नी — दोनों के साथ अपने दायित्व निभाने होते हैं।

कहते हैं कि पिता बनते ही व्यक्ति जिम्मेदार बन जाता है। पिता बनते ही व्यक्ति अच्छा बेटा बनने की राह पर चल निकलता है। पिता की असल कीमत तब पता चलती है, जब वे नहीं रहते। यह भी सच है कि अर्थ (धन) में ही सारा जीवन-सुख तलाशने वाले कुछ लोगों के लिए 'पिता' एक सामान्य शब्द बनकर रह गया है। पर जहां भी भावनाएं हैं, वहां 'पिता' का मौजूद होना राहत है। और यदि 'पिता' नहीं मौजूद हैं, तो उनकी यादें — टीस भरी राहत देती हैं। लगता है जैसे काश कुछ पल और मिले होते यह सच भी है। आज अक्सर आप युवाओं को अपने बच्चों को गोद में उठाए फिरते देख सकते हैं। इससे पहले हमने बात की कि आधुनिक युग में पिता का पुत्र से संबंध गहरा हुआ है, पर यह भी कड़वा सच है कि पुत्र का पिता के साथ संबंध बहुत ज्यादा बिगड़ रहा है। एक बेटा जब पिता बनता है, तो वह पिता होने की सारी भावनाओं से पूरी तरह परिचित हो जाता है। ऐसे में वह और बेहतर बेटा हो जाना चाहिए, पर दुर्भाग्यवश ऐसा होता दिख नहीं रहा है। पिता बनते ही पुत्र अपने पिता को भूलता दिख रहा है। अपने बेटे की उंगली पकड़ने के प्रयास में वह अपने उस पिता को, जिसकी उंगली पकड़कर चलना सीखा, बुढ़ापे में अकेला छोड़ देता है। बूढ़ी आंखें निहार रही हैं अपने बच्चे को। कांपते हाथ सहारा चाहते हैं, बूढ़ा मन अपने जीवन संघर्षों, विजयों, अनुभवों की कहानी सुनाना चाहता है। वह पुत्र और पौत्र के साथ क़दम-दर-क़दम चलना चाहता है, पर नहीं — उसके क़दम तो सुस्त हो गए हैं, वह छूटता जा रहा है पीछे। पुत्र चिढ़ता है — 'पापा, आप इतने धीरे क्यों हैं दुनिया बदल गई है पापा आप समझने की कोशिश करो। कहां है समय मेरे पास कि...' बूढ़ा शांत निहारता है पुत्र को और सोचता है जीवन को, जिसे खपा दिया बच्चों को बेहतर बनाने में। और आज..? क्या उसका पुत्र देख रहा है उसे? और वही इतिहास उसके साथ भी दोहराया जाएगा। यह बात जानने-समझने की है कि हम पिता हैं, तो पुत्र भी हैं। जब हम पुत्र से अपार प्रेम करते हुए उसके लिए सारी खुशियां जुटा लेना चाहते हैं, तो यह भी सोचना चाहिए कि ठीक ऐसी ही भावना से हमें भी किसी ने जीवन दिया। आज जब वह, जिसने हमें चलना सिखाया, जीवन जीना सिखाया, उम्र की ढलान पर है, तो हमें उसकी उंगली उसी तरह थामनी चाहिए जैसे कि अपने बच्चे की। क्योंकि भावनाएं ही जीवन हैं। बिना भाव के सिर्फ मशीन हो सकती है। संसार का हर जीव, जंतु, पेड़, पौधा — भाव के कारण जीवित है। और जब 'पिता' की बात होगी, तो भाव सर्वोच्च स्थान पर होंगे। पिता, आप मेरे लिए सब कुछ हो। आपका होना मेरे जीवन को बनाता है, आपका न होना मेरे जीवन को आकार देता है। आप न होकर भी मेरे साथ हो, अब मैं खुद में आपको देखता हूं।

---

5 दिन, 3 देश और G7 समिट...

# आज से मेगा डिप्लोमैटिक मिशन पर निकलेंगे पीएम नरेंद्र मोदी



एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक बार फिर विदेश यात्रा प्रस्तावित है. वे 5 दिन में 3 देशों की यात्रा करेंगे. पीएम मोदी सबसे पहले साइप्रस जाएंगे. वहां दो दिन (15-16 जून) विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे. उसके बाद कनाडा पहुंचेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देंगे. कनाडा में भी पीएम मोदी की दो दिन (16-17 जून) की यात्रा है. पीएम मोदी 18 जून को क्रोएशिया जाएंगे और 19 जून को भारत लौट आएंगे.

### भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगी मजबूती

जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी 15 से 19 जून तक विदेश यात्रा पर रहेंगे और साइप्रस गणराज्य, कनाडा और क्रोएशिया की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह दौरा तीन देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और यूरोपीय संघ और वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका को और ज्यादा सक्रिय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### साइप्रस यात्राः दो दशक बाद भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा

साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडूलाइड्स के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 15-16 जून को साइप्रस की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यह पिछले दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा होगी। निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति क्रिस्टोडूलाइड्स के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और लिमासोल में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का संदेश देगी और मेडिटेरेनियन क्षेत्र और यूरोपीय संघ के साथ भारत की साझेदारी को और गहरा करने की दिशा में सहयोग बढ़ाएगी।

### कनाडा यात्राः PM मोदी छठी बार G-7 समिट में होंगे शामिल

यात्रा के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा पहुंचेंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर पीएम मोदी 16-17 जून को कनानास्किस में आयोजित होने वाले G-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी लगातार छठी बार G-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी G-7 देशों, आमंत्रित आउटरीच देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के साथ ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार, विशेषकर AI-ऊर्जा संबंध, और क्वांटम तकनीक से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

### क्रोएशिया यात्राः भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा

यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री मोदी 18 जून को क्रोएशिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे. क्रोएशिया गणराज्य के प्रधानमंत्री आंद्रे प्लेंकोविच के निमंत्रण पर भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा होगी, जो दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी. प्रधानमंत्री मोदी अपने समकक्ष प्लेंकोविच के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और क्रोएशिया के राष्ट्रपति जोरान मिलानोविच से भेंट करेंगे. यह यात्रा भारत की यूरोपीय संघ के साझेदार देशों के साथ संबंधों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगी.

---

# मौत की रफ़्तार



- तेज रफ्तार डंपर ने चार लोगों को उड़ाया
- हादसे में चारों स्कूटी सवार की मौत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शहर के गोवंडी इलाके में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन नाबालिगों समेत चार लोगों की जान चली गई। एक तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी पर सवार चार लोगों को कुचल दिया। हादसा शनिवार दोपहर 4 बजे के करीब घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड स्थित लोटस जंक्शन पर हुआ। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने विरोध स्वरूप सड़क को जाम कर दिया।

### घटनास्थल पर ही सभी की मौत

देवनार पुलिस के अनुसार, मृतक सभी स्कूटी पर सवार थे और साकीनाका से देवनार की ओर जा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे चारों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मृतकों में तीन किशोर और एक युवक शामिल है।

### लोगों ने किया प्रदर्शन

हादसे के बाद गुस्साए स्थानीय नागरिकों ने घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड को जाम कर दिया था। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया और यातायात बहाल किया। फिलहाल इलाके में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात है।

### डंपर से एक और मौत

इसी बीच, तिलक नगर में शुक्रवार देर रात एक और डंपर हादसे में 33 वर्षीय गुलाम साबिर मंजूर अहमद अंसारी की मौत हो गई। वह बाइक से जा रहे थे जब एक डंपर ने उन्हें कुचल दिया। इस मामले में तिलक नगर पुलिस ने भी आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

---

## खबर संक्षेप

### एयर इंडिया का एक क्रू मेंबर सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार



**मुंबई।** डीआरआई मुंबई ने एयर इंडिया के एक क्रू मेंबर को विमान संख्या AI-116 से 1.373 किलोग्राम विदेशी मूल के सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिसकी कीमत 1.41 करोड़ है। उड़ान के बाद बैगेज एरिया के पास सोना छिपाया गया था। तस्करी के लिए क्रू का इस्तेमाल करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है और उन्हें कस्टम एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

### अमेरिका में 2 सांसदों को घर में मारी गोली

**मिनेसोटा।** अमेरिका के मिनेसोटा में दो जनप्रतिनिधियों - स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और स्टेट रिप्रजेंटेटिव मेलिसा हॉर्टमैन पर उनके आवास पर हमला हुआ है। लोकल अधिकारियों ने इसे टारगेटेड अटैक बताया है, जिनमें जॉन हॉफमैन इस हमले में घायल हैं, जबकि मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति की इस हमले में मौत हो गई। यह गोलीबारी मिनियापोलिस के उपनगरों चैम्पलिन और ब्रुकलिन पार्क में उनके-अपने घरों पर हुई।

### मेफेड्रोन मामले में आरोपी ताहिर सलीम डोला यूएई से प्रत्यर्पित

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने सांगली में मेफेड्रोन बनाने के मामले में वांछित आरोपी ताहिर सलीम डोला को यूएई से प्रत्यर्पित कर भारत लाया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) के सहयोग और इंटरपोल के माध्यम से की गई इस कार्रवाई में अब ताहिर को मुंबई अपराध शाखा की हिरासत में सौंप दिया गया है। अधिकारी के अनुसार, ताहिर सलीम डोला कथित रूप से सांगली में एक अवैध सिंथेटिक ड्रग (मेफेड्रोन) बनाने वाली फैक्ट्री चला रहा था।

---

नीट यूजी 2025 रिजल्ट

# राजस्थान के महेश बने टॉपर

### 12.36 लाख स्टूडेंट्स हुए क्वालिफाई

एजेंसी | नई दिल्ली/मुंबई

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने NEET UG 2025 का रिजल्ट शनिवार को जारी कर दिया। 20.08 लाख स्टूडेंट्स बैठे थे। इनमें से 12.36 लाख स्टूडेंट्स क्वालिफाई हुए हैं। राजस्थान के हनुमानगढ़ के महेश केसवानी ने टॉप किया है। उन्हें 720 में से 686 मार्क्स मिले हैं।



### आर्ट्स लेकर UPSC करना चाहते थे AIR 1 महेश

ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल करने वाले हनुमानगढ़ के महेश केसवानी ने दैनिक भास्कर को बताया कि 10वीं के बाद वो आर्ट्स लेकर UPSC की तैयारी करना चाहते थे। मगर एक टीचर के समझाने से उन्होंने साइंस ली और NEET की तैयारी करने लगे।

### पिछले साल से घट गया कट-ऑफ

2024 में अनारक्षित कैटेगरी के लिए कट-ऑफ स्कोर 162 था, जो इस साल घटकर 144 हो गया है। बीते साल AIR 1 पर 17 स्टूडेंट्स थे। इन सभी ने 720 में से 720 स्कोकर किए थे। इस साल मुश्किल पेपर की वजह से टॉपर का स्को र और कट-ऑफ नीचे आ गया है।

### एमपी के उत्कलर्ष सेकेंड, महाराष्ट्रग के कृषांग थर्ड टॉपर

MP के इंदौर के उत्कर्ष अवधिया की सेकेंड और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी की थर्ड रैंक आई है। टॉप 10 में केवल 1 लड़की है। दिल्ली की अविका अग्रवाल को फीमेल कैटेगरी में पहला स्थान मिला है।

---



# मुंबई की झीलों में सिर्फ 9.2% पानी बचा

### 16 जून से रिजर्व जल का इस्तेमाल शुरू करेगी बीएमसी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शहरवासियों के लिए चिंता की बात है कि मुंबई को जल आपूर्ति करने वाली 7 झीलों में पानी का स्तर घटकर सिर्फ 9.2 फीसदी रह गया है। सामान्य आपूर्ति बनाए रखने के लिए यह आंकड़ा बेहद कम है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने जानकारी दी है कि 16 जून से रिजर्व जल भंडार का उपयोग शुरू कर दिया जाएगा ताकि सप्लाई में कोई बाधा न आए। 13 जून तक इन झीलों में कुल 1.33 लाख मिलियन लीटर पानी बचा था, जबकि कुल क्षमता 14.47 लाख मिलियन लीटर है। हालांकि अभी तक BMC ने पूरे शहर के लिए कोई वाटर कट घोषित नहीं किया है।

### भातसा से मिलता है 50% से अधिक पानी

मुंबई की जलापूर्ति भातसा, तानसा, मोदक सागर, अपर वैतरणा, मिडल वैतरणा, तुलसी और विहार झीलों से होती है। इन झीलों में से भातसा अकेले ही 50% से अधिक जल आपूर्ति करता है। तुलसी और विहार, जो संजय गांधी नेशनल पार्क क्षेत्र में हैं, शहर को केवल 1-2% जल ही देती हैं।

### अपर वैतरणा से पानी निकालना बंद

अपर वैतरणा झील से पानी निकालना अब बंद कर दिया गया है। पानी को मिडल वैतरणा और मोदक सागर की ओर डायवर्ट किया गया है ताकि कम-से-कम सप्लाई जारी रखी जा सके।

### पिछले साल भी पानी की कटौती हुई थी

2023 में भी जून के दौरान झीलों का जलस्तर सिर्फ 5.5% रह गया था, जिसके कारण जून के अंत से 10% पानी कटौती लागू की गई थी। अधिकारियों का कहना है कि जून में जलस्तर गिरना आम बात है क्योंकि मानसून की असली शुरुआत जुलाई में होती है। हालांकि, बीते 24 घंटे में झील क्षेत्रों में 103 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जिससे थोड़ी राहत जरूर मिली है।

---

**मानसून** कल्याण, डोंबिवली, उल्हासनगर, बदलापुर, अंबरनाथ में भी बरसे बदरा

# मुंबई और ठाणे में आफत की बारिश



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में एक बार फिर भारी बारिश शुरू हो गई है। मुंबई और ठाणे में कुछ दिनों से शांत रहने के बाद शनिवार को बारिश ने फिर से दस्तक दी है। शनिवार शाम को ठाणे जिले में मूसलाधार बारिश हुई। कल्याण, डोंबिवली, उल्हासनगर, बदलापूर और अंबरनाथ शहरों में भारी बारिश हुई। इससे निचले इलाकों में पानी भर गया। मुंबई में भी गरज के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इससे घर जा रहे लोगों को परेशानी हुई। मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है। रत्नागिरी के लिए रेड अलर्ट और पालघर, ठाणे, रायगढ़, पुणे, सतारा और कोल्हापुर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मुंबई, नासिक और छत्रपति संभाजीनगर सहित पूरे विदर्भ में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### किन इलाकों में बारिश?

ठाणे जिले में शनिवार शाम को भारी बारिश हुई। कल्याण, डोंबिवली, उल्हासनगर, बदलापूर और अंबरनाथ में बहुत तेज बारिश हुई। कल्याण और डोंबिवली के निचले इलाकों में पानी भर गया। ठाणे शहर में भी मूसलाधार बारिश हुई। मुंबई में भी बादल गरजने और बिजली चमकने के साथ तेज बारिश हुई। हालांकि अभी तक रेलवे पर बारिश का कोई असर नहीं पड़ा है। लेकिन अगर बारिश जारी रही तो रेलवे यातायात प्रभावित हो सकता है।

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

मौसम विभाग ने कुछ जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है। रत्नागिरी जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसका मतलब है कि यहां बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। पालघर, ठाणे, रायगढ़, पुणे, सतारा और कोल्हापुर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यहां भी भारी बारिश हो सकती है।

### कल्याण-डोंबिवली में भी मूसलाधार

कल्याण और डोंबिवली में भी मूसलाधार बारिश हुई। शाम करीब सात बजे रिमझिम बारिश शुरू हुई, लेकिन आधे घंटे में ही बारिश तेज हो गई। शहर की कई मुख्य सड़कें पानी से भर गईं। कल्याण के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक इलाके में घुटनों तक पानी भर गया। इससे ट्रैफिक जाम हो गया। भिवंडी में मुख्य सड़क पर भी पानी भर गया।

---

# बच्चू कडू का आंदोलन स्थगित

- ▸▸ किसान कर्जमाफी पर 15 दिनों में गठित होगी समिति : मंत्री उदय सामंत
- ▸▸ बच्चू कडू ने सात दिन से जारी अन्न त्याग आंदोलन लिया वापस

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने किसानों की कर्जमाफी को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए घोषणा की है कि इस मुद्दे पर 15 दिनों के भीतर एक समिति गठित की जाएगी, जो अपनी रिपोर्ट के आधार पर कर्जमाफी के निर्णय की दिशा तय करेगी। यह जानकारी शनिवार को राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने अमरावती जिले के गुरुकुंज मोजरी में दी। उदय सामंत ने यह आश्वासन प्रहार संगठन के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री बच्चू कडू को दिया, जो बीते सात दिनों से किसानों की कर्जमाफी और दिव्यांगों से जुड़ी समस्याओं के मुद्दे पर अन्न त्याग आंदोलन कर रहे थे। सरकारी पत्र पढ़कर सुनाए जाने और समिति गठन के आश्वासन के बाद बच्चू कडू ने फल रस पीकर अपना आंदोलन समाप्त कर दिया।

- सरकारी आश्वासन के बाद बच्चू कडू का आंदोलन समाप्त



### मुख्यमंत्री से हुई थी चर्चा

शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने अमरावती पहुंचकर बच्चू कडू से मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस संबंध में चर्चा की। शनिवार को उद्योग मंत्री सामंत स्वयं अमरावती पहुंचे और आंदोलन को समाप्त करवाने में अहम भूमिका निभाई।

### किसानों-दिव्यांगों की मांगों पर होगा विचार

बच्चू कडू ने कहा कि सरकार के आश्वासन के बाद वह फिलहाल आंदोलन स्थगित कर रहे हैं, लेकिन यदि समिति गठन और कर्जमाफी को लेकर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे फिर से संघर्ष का रास्ता अपनाएंगे। उन्होंने सरकार से दिव्यांगों की समस्याओं और अन्य मांगों पर भी शीघ्र कार्रवाई की अपील की।

# हज यात्रियों को लेने जा रहे परिवार की कार ट्रक से टकराई

## 12 वर्षीय बच्ची की मौत, 8 गंभीर घायल




डीबीडी संवाददाता । मालेगांव

शनिवार सुबह चांदवड़ टोल प्लाजा के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 12 वर्षीय उमेमा मोहम्मद यासीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह सभी मालेगांव निवासी मुंबई जा रहे थे, जहां से वे हज यात्रा से लौट रहे अपने परिजनों को लेने वाले थे। हादसा सुबह करीब 7:30 बजे उस समय हुआ, जब फतेह मैदान क्षेत्र से निकली एक कार चांदवड़ टोल बूथ के पास खड़े ट्रक से टकरा गई। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि वाहन का स्टीयरिंग रॉड टूट गया, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रक से जा टकराया।

टक्कर में फतेह मैदान निवासी उमेमा मोहम्मद यासीन (12) को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अन्य यात्री शबीना साजिद अख्तर (किला जोपदपट्टी), आमना मोहम्मद यासीन, जियाउर्रहमान मोहम्मद यासीन, अताउर्रहमान मोहम्मद यासीन, मुजम्मिल (पूरा नाम ज्ञात नहीं), कुरैशा मोहम्मद साबिर, तुबा मुजम्मिल हुसैन और चालक इमरान अहमद- सभी गंभीर रूप से घायल हो गए।

### निजी अस्पताल में घायलों को कराया भर्ती

घायलों को सबसे पहले चांदवड़ में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया और बाद में आगे के इलाज के लिए मालेगांव के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। बताया गया कि पीड़ित शनिवार सुबह अपने परिवार के सदस्यों को वार्षिक हज यात्रा से वापस लाने के लिए मुंबई जा रहे थे। इस घटना ने स्थानीय समुदाय में शोक की लहर दौड़ा दी है।

# अंबरनाथ-बदलापुर को मेट्रो की सौगात

- ठाणे-भिवंडी-कल्याण मेट्रो 5 का विस्तार
- अब कल्याण-बदलापुर मार्ग तक पहुंचेगी मेट्रो सेवा

## चिखलोली बनेगा बड़ा ट्रांजिट हब



डीबीडी संवाददाता । अंबरनाथ

अंबरनाथ और बदलापुर के नागरिकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। ठाणे-भिवंडी-कल्याण मेट्रो 5 परियोजना को अब कल्याण-बदलापुर मार्ग होते हुए चिखलोली रेलवे स्टेशन तक विस्तार दिया जा रहा है। इससे अंबरनाथ, उल्हासनगर, शहाड और बदलापुर सहित हजारों नागरिकों को मेट्रो सेवा का सीधा लाभ मिलेगा।

### रेलवे-मेट्रो का होगा एकीकरण, आसान और तेज सफर का रास्ता साफ

परियोजना के अंतर्गत चिखलोली स्टेशन पर रेलवे और मेट्रो का एकीकरण किया जाएगा, जिससे यात्रियों को एक ही स्थान पर दोनों परिवहन विकल्प मिलेंगे। स्टेशन को आधुनिक रूप से विकसित किया जाएगा और इसके लिए एमएमआरडीए को विस्तृत विकास योजना तैयार करने का निर्देश कल्याण लोकसभा सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने दिया है। इस संबंध में शुक्रवार को एमएमआरडीए मुख्यालय में एक बैठक आयोजित की गई।

### बैठक में उपस्थित रहे कई प्रमुख अधिकारी और जनप्रतिनिधि

एमएमआरडीए मुख्यालय में हुई बैठक में सांसद डॉ. शिंदे के साथ विधायक डॉ. बालाजी किनिकर, विधायक राजेश मोरे, जिला प्रमुख गोपाल लांडगे, रवि पाटिल, राजेश कदम सहित एमएमआरडीए आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी, अतिरिक्त आयुक्त विक्रम कुमार और अश्विन मुदगल मौजूद रहे।

### बदलापुर-कांजुरमार्ग मेट्रो 14 से सीधे मुंबई तक कनेक्टिविटी

इस विस्तार के साथ ही नागरिक बदलापुर-कांजुरमार्ग मेट्रो 14 के जरिए सीधे मुंबई तक भी पहुंच सकेंगे। यह सम्पर्क न केवल यात्रा समय घटाएगा बल्कि लोकल ट्रेनों पर भार भी कम करेगा।

### यातायात, रोजगार और विकास-तीनों को मिलेगा बढ़ावा

इस रूट में बिरला कॉलेज, शहाड, उल्हासनगर जैसे प्रमुख स्टेशन शामिल किए गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों को दरवाजे पर मेट्रो सेवा उपलब्ध होगी। मेट्रो 5 का विस्तार कल्याण लोकसभा क्षेत्र में परिवहन के एक नए कॉरिडोर को जन्म देगा। इसके साथ ही मेट्रो स्टेशनों के आस-पास वाणिज्यिक और सेवा उद्योगों को भी बल मिलेगा, जिससे नए रोजगार अवसर भी सृजित होंगे।

### 'एक शहर, एक मेट्रो नेटवर्क' की दिशा में बड़ा कदम

सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने कहा कि इस मेट्रो विस्तार का उद्देश्य सिर्फ यात्रा को सुविधाजनक बनाना नहीं, बल्कि एकीकृत शहरी विकास को भी बढ़ावा देना है। जल्द ही इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# हॉर्न बजाने को लेकर हुए हिंसक विवाद

## तलवार से हमला और पथराव



डीबीडी संवाददाता । अंबरनाथ

अंबरनाथ के बरकुचा पाढ़ा इलाके में शुक्रवार शाम मामूली सड़क विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। कार का हॉर्न बजाने को लेकर शुरू हुई कहासुनी ने दो गुटों के बीच झड़प का रूप ले लिया, जिसमें तलवार से हमला, मारपीट और पथराव जैसी घटनाएं सामने आईं। इस घटना से क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया है और पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है।

### पुलिस ने मामला दर्ज किया, जांच जारी

घटना के बाद शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता मंगेश मधुकर राजपूत की तहरीर पर कुणाल बाबरे, प्रशांत भोईर, ओम (पूरा नाम अज्ञात) और 6-7 अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, शस्त्र अधिनियम और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पूर्व नगरसेविका की बेटी और युवक में विवाद

घटना उस वक्त शुरू हुई जब पूर्व नगरसेविका अनीता भोईर की बेटी अबोली ने कोर्ट से लौटते वक्त सड़क पर खड़े राजा घोरपड़े को हटाने के लिए तीन बार हॉर्न बजाया। युवक के न हटने पर अबोली ने उसे धक्का दिया, जिस पर राजा ने कथित तौर पर गाली दे दी। इसी के बाद अनीता भोईर के समर्थकों में शामिल दो युवकों ने राजा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले से घायल राजा भागने की कोशिश कर रहा था, तभी फसेपारधी समुदाय के गुस्साए लोगों ने हमलावरों को पकड़कर उनकी पिटाई की। इस झड़प में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# केमिकल गोदाम में भीषण आग

## एक महीने में तीसरी बड़ी अग्निकांड की घटना




डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

ठाणे जिले के भिवंडी ग्रामीण क्षेत्र के वलपाड़ा में शनिवार को एक केमिकल गोदाम में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। यह गोदाम वलपाड़ा स्थित प्रतेश कॉम्प्लेक्स में स्थित है। आग की भयावहता के चलते इलाके में दूर-दूर तक धुंआ फैल गया है। मौके पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। आग लगते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, कई स्थानीय लोग आग की तस्वीरें और वीडियो बनाते दिखे। अब तक किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

### 12 जून को मितपाड़ा में साइजिंग यूनिट में लगी थी आग

इस घटना से ठीक दो दिन पहले, 12 जून को भिवंडी के मितपाड़ा इलाके में एक साइजिंग यूनिट में भीषण आग लगी थी। दमकल विभाग ने रात करीब 8 बजे शुरू हुई आग पर 10:45 बजे काबू पाया। गनीमत रही कि किसी के घायल होने की खबर नहीं थी। आग के कारणों की जांच अभी जारी है।


### 13 मई को जले थे 22 गोदाम, 250 करोड़ का नुकसान

वहीं, 13 मई को भिवंडी के वडपे गांव स्थित रिचलैंड कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में आग लगने से 22 गोदाम जलकर खाक हो गए थे। इन गोदामों में केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक सामान, हेल्थ सप्लीमेंट, फर्नीचर और अन्य महंगे उत्पाद भरे थे। आग इतनी भयावह थी कि तीन इमारतों में फैल गई और उसे बुझाने में दमकल विभाग को 10 घंटे लग गए। इस घटना में करीब 250 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। लगातार आग की घटनाओं के कारण स्थानीय प्रशासन की तैयारियों और सुरक्षा उपायों पर सवाल उठ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि गोदामों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और फायर सेफ्टी उपायों की कमी ऐसी घटनाओं को न्यौता देती है।

**उल्हासनगर में चौंकाने वाली लापरवाही**

# जीवित मरीज को मृत घोषित कर दिया

## अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे परिजन, तभी धड़क उठा दिल




डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर कैंप क्रमांक 4 स्थित शिवनेरी अस्पताल में एक चिकित्सकीय लापरवाही का हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें 65 वर्षीय अभिमान तायड़े को रिक्शे में ही मृत घोषित कर दिया गया, जबकि वह जीवित थे। इस घटना से शहरभर में चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

अभिमान तायड़े की तबीयत पिछले कुछ समय से खराब चल रही थी और उनका इलाज मुंबई के एक अस्पताल में जारी था। घटना के दिन जब वे घर पर अचानक बेहोश हो गए तो उनका बेटा उन्हें तुरंत रिक्शे में लेकर शिवनेरी अस्पताल पहुंचा। वहां डॉ. आहूजा ने रिक्शे में ही मरीज की जांच की और उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर की इस घोषणा के आधार पर अस्पताल की ओर से मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया।

### अंतिम संस्कार से पहले चला सांसों का एहसास


परिजन शव को घर ले गए और अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दीं। इसी दौरान किसी ने देखा कि अभिमान की सांसें चल रही हैं और दिल की धड़कन भी महसूस हो रही है। परिजन तुरंत उन्हें एक अन्य निजी अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टरों ने तत्काल इलाज शुरू किया और थोड़ी देर में ही अभिमान तायड़े को होश आ गया।

### डॉक्टर ने स्वीकार की गलती, माफी मांगी

घटना के बाद अभिमान के परिजनों ने शिवनेरी अस्पताल और डॉ. आहूजा के खिलाफ कड़ा रोष जताया। इस पर डॉ. आहूजा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'मरीज की नस नहीं मिल सकी और आसपास के शोरगुल के कारण दिल की धड़कन नहीं सुनी जा सकी, इसलिए गलती से मृत घोषित कर दिया गया। मुझे खेद है।'

# जनरेटर की जहरीली गैस से 26 मजदूर अस्पताल में भर्ती

- कंपनी मालिक पर लापरवाही का मामला दर्ज




डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

तुर्भे एमआईडीसी स्थित स्वास्थ्य एग्रो एंटरप्राइजेस नामक कोल्ड स्टोरेज यूनिट में शुक्रवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। जनरेटर से निकली जहरीली गैस के कारण 26 मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जिनमें 17 महिलाएं और 9 पुरुष शामिल हैं। यह घटना उस समय हुई जब कोल्ड स्टोरेज में बिजली चली गई और प्रबंधन ने जनरेटर चालू कर दिया, लेकिन लापरवाहीवश जनरेटर को खुले स्थान पर रखने के बजाय बंद कमरे के भीतर ही चालू कर दिया गया, जिससे उत्पन्न जहरीली गैस पूरी यूनिट में फैल गई। इससे कई मजदूरों को गंभीर सांस लेने में तकलीफ और घबराहट जैसी शिकायतें होने लगीं। घटना के तुरंत बाद सभी मजदूरों को पास के अस्पतालों में ले जाया गया। चार मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें वाशी के MGM अस्पताल में भर्ती किया गया है, जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। तुर्भे MIDC पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पाया कि कंपनी ने श्रमिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक बुनियादी उपाय नहीं किए थे। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अबासाहेब पाटिल ने बताया, 'चूंकि यूनिट में पैक फलों का भंडारण होता है, इसलिए वातानुकूलन आवश्यक था।

# ठाणे महापालिका को हाईकोर्ट की फटकार

## दो दिन में अनधिकृत निर्माण पर सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश करने के आदेश



डीबीडी संवाददाता । ठाणे

मुंबई उच्च न्यायालय के सख्त आदेश के बाद जागी ठाणे महानगरपालिका के शहर विकास विभाग ने शहर के 'ना-विकास क्षेत्र' और 'हरित क्षेत्र' में हुए अनधिकृत निर्माणों का सर्वेक्षण कर दो दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ, तो इसे न्यायालय की अवमानना माना जाएगा। इस आदेश के तहत शुक्रवार को मुंब्रा-शिळ परिसर के खान कंपाउंड इलाके में स्थित 17 अवैध इमारतों पर कार्रवाई की गई। अदालत ने निर्देश दिया है कि नगर आयुक्त को ठाणे के विभिन्न वार्डों, विशेष रूप से विकासशील क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माणों का तत्काल सर्वेक्षण कर, विधिसम्मत कार्रवाई करनी चाहिए।

### 14 अधिकारियों की टीम गठित

16 जून तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश मिलने के बाद, महापालिका के शहर विकास विभाग ने तुरंत एक परिपत्रक जारी कर 14 अधिकारियों की टीम गठित की है। इसमें 4 कार्यकारी अभियंता और 10 उप अभियंता शामिल हैं, जो 'ना-विकास' और 'हरित क्षेत्र' की सीमाएं तय कर सर्वेक्षण करेंगे। शहर विकास विभाग के सहायक संचालक (नगर रचनाकार) ने सभी सहायक आयुक्तों, कार्यकारी अभियंताओं, उप अभियंताओं और भूमि मापन अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि 14 और 15 जून को सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर 16 जून को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। लेकिन यह कार्य शनिवार और रविवार को होना है, जिससे अधिकारियों की वास्तविक कार्यवाही को लेकर संशय बना हुआ है। शहर विकास विभाग ने संबंधित प्रभाग समितियों के सहायकों को सर्वेक्षण कार्य में सहयोग देने के निर्देश दिए हैं। यह सर्वेक्षण विकास आराखड़े के प्रारूप और महाराष्ट्र प्रादेशिक व नगर रचना अधिनियम (MRTP) की धाराओं के अनुसार किया जाएगा। इस बीच, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे ने कहा है कि प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माण की जानकारी जुटाई जा रही है, और दो दिन के भीतर यह रिपोर्ट अदालत में पेश कर दी जाएगी।

# वसई में तड़ीपार आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी पर 12 गंभीर आपराधिक मामले हैं दर्ज




डीबीडी संवाददाता । वसई

वसई क्राइम ब्रांच यूनिट-2 को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हद्दपार आदेश का उल्लंघन करते हुए इलाके में जबरन मोबाइल लूटने वाले तड़ीपार आरोपी कल्पेश उर्फ कलप्या किसन शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पहले से ही वालिव पुलिस स्टेशन में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

13 जून 2025 को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वसई अपराध शाखा की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान भगत विद्यालय के पास कल्पेश शिंदे दिखाई दिया, जिसे वसई डीसीपी कार्यालय द्वारा 26 मार्च 2024 के आदेश क्रमांक 02/977/2024 के तहत पालघर, ठाणे और मुंबई उपनगर क्षेत्र से दो वर्षों के लिए निष्कासित किया गया था।

### हद्दपार आदेश के उल्लंघन पर एक और केस दर्ज

हद्दपार आदेश का उल्लंघन करने पर आरोपी के खिलाफ वालिव पुलिस स्टेशन में एक और अपराध क्रमांक 426/2025, महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 1951 की धारा 142 के तहत केस दर्ज किया गया है। कल्पेश शिंदे के खिलाफ चोरी, जबरन लूटपाट, मारपीट, धमकी और गैरकानूनी घुसपैठ जैसे 12 गंभीर आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।

### लूट की वारदात में भी था शामिल

पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपी ने 30 नवंबर 2024 को सातीवली स्थित पोलासो इंडस्ट्रीज के पास एक व्यक्ति से चाकू की नोंक पर मोबाइल लूटने की वारदात स्वीकार की। इस अपराध में उसके अन्य साथी भी शामिल थे। इस मामले में वालिव पुलिस स्टेशन में पहले से ही अपराध क्रमांक 651/2024, धारा 309(6), 3(5) के तहत मामला दर्ज है, जिसमें वह वांछित था।

### वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में हुई कार्रवाई

इस पूरी कार्रवाई को पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय, अपर पुलिस आयुक्त दत्तात्रय शिंदे, उप पुलिस आयुक्त (अपराध) अविनाश अंबुरे और सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) मदन बल्लाळ के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। इस ऑपरेशन में पुलिस निरीक्षक समीर अहिरराव, सहायक पुलिस निरीक्षक सोपान पाटील, और टीम के अन्य सदस्यों – सागर शिंदे, अजित गिते, रमेश भोसले, मुकेश पवार, रविंद्र पवार, प्रफुल्ल पाटील, सचिन पाटील, जगदीश गोवारी, दादा आडके, सुधीर नरळे, राहुल कर्पे, प्रशांतकुमार ठाकुर, अनिल साबळे, प्रतिक गोडगे, राजकुमार गायकवाड और अविनाश चौधरी – की सराहनीय भूमिका रही।

# नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार



डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे नगर पुलिस ने शहर के खारटन रोड इलाके में बंद शौचालय में छह साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। अजय उर्फ बंटी अडसुले ने गुरुवार को ठाणे के खार्तन इलाके में छह साल की बच्ची को बंद शौचालय में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस संबंध में ठाणे नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने बंटी अडसुले को गिरफ्तार कर लिया। उसे ठाणे कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उसे सोमवार 16 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। मामले की जांच ठाणे नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय देशमुख के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक संदीप चव्हाण कर रहे हैं।

# नवी मुंबई पुलिस ने 116 लोगों को बांग्लादेश भेजा

## एक महिला का भारतीय होने का दावा



डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

नवी मुंबई पुलिस द्वारा हाल ही में किए गए एक विशेष अभियान में लगभग 116 कथित बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लेकर देश से बाहर भेजा गया। इस कार्रवाई को केंद्र सरकार के मौखिक निर्देशों के आधार पर अंजाम दिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के लिए कोई लिखित आदेश नहीं था। मौखिक निर्देशों के आधार पर यह पूरे देश में कम प्रोफ़ाइल में चलाया जा रहा है, इसलिए हम ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते। इन सभी कथित बांग्लादेशियों को 7 और 8 जुलाई को पकड़ा गया था और 12 जुलाई तक उन्हें कोई FIR, गिरफ्तारी या अदालत में पेशी के बिना सीधे बांग्लादेश भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि यह कदम अवैध प्रवासियों को जल्द से जल्द बाहर निकालने के उद्देश्य से उठाया गया। पुलिस ने उनके बायोमेट्रिक डेटा भी रिकॉर्ड किए हैं ताकि वे दोबारा भारत में प्रवेश न कर सकें।

### शहनाज़ का दावा – 'हसन बचपन से भारत में पले-बढ़े'

इस कार्रवाई में ठाणे में जन्मे तीन बच्चों और उनके पिता हसन शेख को भी शामिल कर लिया गया। हसन की पत्नी शहनाज़, जो भारतीय नागरिक हैं, ने दावा किया कि उनके पति बांग्लादेशी नहीं हैं। उन्होंने बताया कि हसन को 1999 में मुरबाड के मामनौली गांव में पांच साल की उम्र में मुख्तार शेख को मिले थे, जिन्होंने उन्हें पाला-पोसा। शहनाज़ ने बताया कि ईद के दिन वे परिवार सहित अपने दोस्त हुसैन मुल्ला से मिलने पनवेल गए थे।

# वर्सोवा आरटीएस का होगा आधुनिकीकरण

## विमान दुर्घटनाओं से बचाव की तैयारी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अहमदाबाद विमान हादसे के बाद उड़ानों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इस बीच मुंबई मनपा प्रशासन ने एक अहम कदम उठाते हुए वर्सोवा स्थित ठोस अपशिष्ट निपटान स्टेशन (आरटीएस) के आधुनिकीकरण की योजना को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसका उद्देश्य हवाई अड्डे के समीप पक्षियों की गतिविधियों को रोकना है ताकि विमान और पक्षियों की टक्कर जैसी घटनाओं से बचाव हो सके।



### सीपीसीबी के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के नियमों के मुताबिक, हवाई अड्डे से कम से कम 20 किमी की दूरी पर लैंडफिल या अपशिष्ट केंद्र होने चाहिए। वर्सोवा आरटीएस इस नियम के दायरे में आता है, इसलिए उसका आधुनिकीकरण अब प्राथमिकता बन गया है।

### क्या होगा आधुनिकीकरण के तहत?

पूरे परिसर को जाल से ढका जाएगा, ताकि पक्षी अंदर प्रवेश न कर सकें। छतों का निर्माण किया जाएगा जिससे पक्षियों को बैठने या झुंड में आने से रोका जा सके। कचरे से उत्पन्न दुर्गंध को खत्म करने के लिए विशेष प्रणाली लगाई जाएगी, क्योंकि आसपास कई आवासीय इमारतें हैं। इस परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) अंतिम चरण में है और टेंडर जल्द ही जारी किए जाएंगे।

### मनपा और हवाई अड्डा प्रशासन में समन्वय

मनपा अधिकारियों ने बताया कि वर्सोवा आरटीएस को लेकर मनपा और हवाई अड्डा प्राधिकरण के बीच लगातार बैठकें हो रही हैं। उद्देश्य यह है कि कचरे का निपटान इस तरह से किया जाए कि वह पक्षियों को आकर्षित न करे। विमानन विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी पक्षी की टक्कर से विमान की स्थिरता प्रभावित होती है, और यदि कोई पक्षी इंजन में घुस जाए तो इंजन पूरी तरह फेल हो सकता है। यही कारण है कि ऐसे अपशिष्ट स्थलों को हवाई अड्डों के समीप नियंत्रित करना अत्यावश्यक हो गया है।

### खुले कचरे पर मंडराते हैं पक्षी, खतरा बना रहता है

वर्सोवा आरटीएस, जो मुंबई हवाई अड्डे से महज 8 किमी की दूरी पर स्थित है, रोजाना 400 से 450 मीट्रिक टन ठोस कचरे का निपटान करता है। खुले में फैले कचरे पर भोजन की तलाश में चील और कौवे जैसे पक्षी अक्सर मंडराते रहते हैं, जिससे विमानों से टकराने का जोखिम बना रहता है।

### मुंबई में चार प्रमुख आरटीएस

मुंबई में महालक्ष्मी, कुर्ला, वर्सोवा और गोराई में चार प्रमुख आरटीएस हैं, जो शहर के ठोस अपशिष्ट के अस्थायी भंडारण और प्रसंस्करण का कार्य करते हैं। वर्सोवा आरटीएस का आधुनिकीकरण अन्य केंद्रों के लिए भी मॉडल प्रोजेक्ट साबित हो सकता है।

नीट यूजी घोटाला

# स्कोर में हेरफेर का झांसा देकर लाखों ठगे

## सीबीआई ने दो को किया गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

नीट यूजी 2025 में स्कोर सुधारने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने दो ऐसे व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जो खुद को NTA (राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी) से जुड़ा अधिकारी बताकर उम्मीदवारों से लाखों रुपए वसूल रहे थे। CBI की जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी एक उम्मीदवार से 90 लाख रुपए मांग रहे थे, जिसे बाद में घटाकर 87.5 लाख रुपए कर दिया गया।

### 9 जून को केस दर्ज, दो दिन में दबोचे आरोपी




CBI ने 9 जून को मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान एक आरोपी की पहचान सोलापुर निवासी के रूप में हुई, जबकि दूसरा नवी मुंबई में एक कंसल्टेंसी चला रहा था। दोनों को CBI ने 9 और 10 जून को महाराष्ट्र के अलग-अलग जिलों से गिरफ्तार किया। फिलहाल उन्हें 16 जून तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

### साक्ष्यों में OMR शीट और हवाला ट्रांजैक्शन शामिल

CBI को आरोपियों के मोबाइल से उम्मीदवारों के रोल नंबर, एडमिट कार्ड, OMR शीट और हवाला लेनदेन के कई सबूत मिले हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि आरोपी संगठित तरीके से इस घोटाले को अंजाम दे रहे थे। जांच एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि अब तक NTA या किसी सरकारी अधिकारी की कोई भूमिका नहीं सामने आई है। ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपियों ने फर्जी पहचान और झूठे दावे के आधार पर अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को गुमराह किया।

# नई शिक्षा नीति से बनेगा विकसित भारत का आधार: धर्मेंद्र प्रधान




## पाँच अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को मिला आशय पत्र

**मुंबई** । केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि नई शिक्षा नीति (NEP) भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। शनिवार को मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने पाँच विदेशी विश्वविद्यालयों को आशय पत्र (Letter of Intent) प्रदान किए। उन्होंने कहा कि यह पहल भारत को वैश्विक शिक्षा मानचित्र पर एक अग्रणी स्थान दिलाएगी।

### मुंबई को मिलेगा शिक्षा हब का दर्जा

प्रधान ने कहा, "मुंबई सिर्फ सपनों का शहर नहीं बल्कि देश की आर्थिक राजधानी भी है। अब यह शिक्षा के क्षेत्र में भी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाएगा।" इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन (यूके), वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय (ऑस्ट्रेलिया), यॉर्क विश्वविद्यालय (यूके), इलिनॉय इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (अमेरिका) और इस्तितुतो यूरोपीओ दी डिज़ाइन (इटली) को भारत में शैक्षणिक गतिविधियां शुरू करने के लिए आशय पत्र दिया गया है।

### भारतीय संस्थाएं भी करेंगी वैश्विक विस्तार

प्रधान ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत अब न केवल विदेशी विश्वविद्यालय भारत में आएंगे, बल्कि भारतीय संस्थान भी विदेशों में अपनी शाखाएं स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि IIT, IIM, ISF और सिम्बायोसिस जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं पहले ही इस दिशा में आगे बढ़ चुकी हैं।

### अब विदेश जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत: फडणवीस

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबई और नवी मुंबई को भारत का पहला विदेशी विश्वविद्यालयों वाला शैक्षणिक हब बनाया जा रहा है। इससे भारतीय छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### विशिष्ट अतिथि हुए शामिल

इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ राज्य के उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल, केंद्रीय शिक्षा सचिव विनीत जोशी, सिडको के एमडी विजय सिंघल, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और इटली के राजनयिक प्रतिनिधि, तथा संबंधित विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# भाजपा ने घोषणापत्र में कभी भी कृषि ऋण माफी का वादा नहीं किया : सावे




**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अतुल सावे ने शनिवार को कहा कि पार्टी ने 2024 के विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में कृषि ऋण माफी का वादा नहीं किया है। पूर्व मंत्री बच्चू कडू की भूख हड़ताल के बारे में पूछे जाने पर सावे ने हिंगोली में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा के घोषणापत्र में कृषि ऋण माफी का कोई जिक्र नहीं है। हालाँकि उसके बाद ही प्रहार जनशक्ति पार्टी के संस्थापक कडू ने अमरावती जिले के तेओसा तालुका में गुरुकुंज मोजारी में अपनी सात दिवसीय भूख हड़ताल समाप्त कर दी।

# कोरोना नियंत्रण में, घबराने की जरूरत नहीं: अजित पवार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/पुणे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शनिवार को कहा कि कोविड-19 की स्थिति नियंत्रण में है। किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बुजुर्गों से सतर्कता बरतने की अपील की। साथ ही कहा कि बुजुर्ग भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें। अजित पवार पुणे जिले के संरक्षक मंत्री हैं। उन्होंने शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र में शुक्रवार को कोविड-19 के 102 नए मामले सामने आए। इनमें से 31 पुणे में थे।



### वारी जुलूस की व्यवस्था की समीक्षा भी की

पवार ने पंढरपुरी में 'वारी' जुलूस की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर साल संत तुकाराम महाराज और संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी पुणे जिले से होकर गुजरती है। राज्य सरकार ने 'वारी' के लिए धन आवंटित किया है। इस साल तीर्थयात्रियों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है। घाट से गुजरते समय वारकरियों (तीर्थयात्रियों) को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए दिवे घाट पर काम चल रहा है। 'पालकी' मार्ग पर होर्डिंग और विज्ञापन हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

### 18 जून को पुणे से शुरू होगी वारी तीर्थयात्रा

गौरतलब है कि पंढरपुर के लिए आषाढ़ी 'वारी' तीर्थयात्रा 18 जून को पुणे से शुरू होगी। संत तुकाराम महाराज की 'पालकी' 18 जून को देहू से अपनी यात्रा शुरू करेगी, जबकि संत ज्ञानेश्वर महाराज की 'पालकी' 19 जून की शाम को आलंदी से प्रस्थान करेगी।

### स्वास्थ्य मंत्री स्थिति की निगरानी कर रहे


बैठक के बाद पवार ने पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुणे और पिंपरी सहित राज्य में कुछ मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। स्थिति नियंत्रण में है। स्वास्थ्य मंत्री स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ में उठाए जाने वाले कदमों के बारे में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। पवार ने आगे कहा कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। हालांकि, उन्होंने बुजुर्गों से अपील की है कि वह सतर्कता बरतें और भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें।

# क्लाउड किचन में विस्फोट से लगी आग

## दो की मौत, छह घायल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के माहिम पश्चिम स्थित एक क्लाउड किचन में शुक्रवार रात कंप्रेसर में विस्फोट के बाद आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग झुलस गए। घायलों को सायन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस और अग्निशमन विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



### अचानक हुए विस्फोट से मचा हड़कंप

पुलिस के मुताबिक, हादसा माहिम के कैडेल रोड पर मखदुम शाह दरगाह के पास स्थित एक क्लाउड किचन में हुआ। रात के समय अचानक कंप्रेसर फटने से तेज विस्फोट हुआ और आग लग गई। आग की लपटों ने वहां मौजूद कर्मचारियों को चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस हादसे में झुलसे आठ लोगों को सायन अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने नूर आलम (38) को मृत घोषित कर दिया। प्रवीण पुजारी (34) की मौत शनिवार सुबह इलाज के दौरान हो गई। घायलों में मुकेश गुप्ता (34), शिवमोहन (24), दीपाली गोदाटकर (24), सना शेख (25), श्रीदेवी बंदीछोड़े (31) और कमलेश जायसवाल (22) शामिल हैं। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। आग लगने के असल कारणों की पुष्टि के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। शुरुआती जांच में कंप्रेसर फटने को हादसे की वजह माना जा रहा है।

# राकेश वाधवान ने 1,709 करोड़ के दावे को अवैध करार दिया

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

हाउसिंग डेवलपमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (HDIL) के निलंबित निदेशक राकेश कुमार वाधवान ने कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (CIRP) के लिए नियुक्त रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल (RP) अभय मनुधने को एक पत्र लिखकर सुरक्षा एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (सुरक्षा ARC) के 1,709.69 करोड़ के दावे को स्वीकार करने पर कड़ी आपत्ति जताई है। पत्र के अनुसार, वाधवान ने RP से कई बार इस दावे से संबंधित दस्तावेजों और फॉर्म C की मांग की, लेकिन RP ने कोई जवाब नहीं दिया। फोन कॉल्स, व्हाट्सऐप मैसेज और वॉइस नोट का भी RP ने जवाब नहीं दिया।

### मतदान अधिकार रद्द करने की मांग

वाधवान ने 1 जून को भेजे गए पत्र में RP के फैसले को "गैरकानूनी स्वीकृति" बताया और मांग की कि इसे तत्काल वापस लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा ARC को समिति में मतदान का अधिकार (CoC Voting Rights) देना भी रद्द किया जाए। वाधवान ने पत्र में चेतावनी दी, यदि आप इस गलती को सुधारने में असफल रहे, तो मैं इस प्रक्रिया की गंभीर अनियमितताओं के खिलाफ NCLT का रुख करूंगा।

# महाराष्ट्र में कोरोना के 53 नए केस आए

## मुंबई-पुणे में सबसे ज्यादा मरीज

## अब तक 27 लोगों की गई जान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में कोरोना वायरस का संक्रमण एक बार फिर चिंता का विषय बनता जा रहा है। शनिवार को राज्य में 53 नए कोरोना मरीज सामने आए हैं, जिससे इस वर्ष कुल संक्रमितों की संख्या 1,967 तक पहुंच गई है। वहीं, दो संक्रमितों की मौत होने से राज्य में कुल मृतकों की संख्या 27 हो गई है।



### मौतें भी बढ़ रही हैं, 26 को थीं अन्य बीमारियां

शुक्रवार को हुई दो नई मौतों के साथ इस वर्ष अब तक राज्य में 27 मौतें दर्ज की जा चुकी हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मृतकों में से 26 मरीज पहले से ही अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित थे।

### 21,067 सैंपलों की हो चुकी है जांच

राज्यभर में अब तक 21,067 लोगों के सैंपलों की जांच की जा चुकी है, जिनमें 1,967 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

### मुंबई में सबसे ज्यादा संक्रमित

मुंबई शहर इस साल अब तक 829 संक्रमित मामलों के साथ सबसे ज्यादा प्रभावित है, जिनमें से 823 मामले केवल मई माह में दर्ज किए गए थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि संक्रमण की गति हाल के महीनों में कितनी तेज रही है।

### मुंबई और पुणे में सबसे ज्यादा मामले

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को आए नए मामलों में से मुंबई में 24, पुणे शहर में 11, ठाणे में 5 और पिंपरी चिंचवाड़ में 3 मामले मिले हैं। इसके अलावा सांगली, पुणे ग्रामीण, नागपुर और पुणे जिले में दो-दो, जबकि नवी मुंबई और रायगढ़ जिले में एक-एक मरीज की पुष्टि हुई है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम को जल्द लागू करने की मांग

## एनसीपी महिला विंग की 16 जून को मुंबई में होगी बैठक

**मुंबई।** एनसीपी (शरद पवार गुट) की राज्यसभा सांसद एवं महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष फौजिया खान ने केंद्र सरकार से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को जल्द से जल्द लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अधिनियम में जनगणना और परिसीमन जैसी शर्तें रखकर इसकी क्रियान्वयन प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से लंबा किया जा रहा है। फौजिया खान ने बताया कि 16 जून को मुंबई के यशवंतराव चव्हाण सेंटर में एनसीपी महिला विंग की ओर से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें अधिनियम को 2029 तक लागू करने की मांग को लेकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति बनाई जाएगी।



### फौजिया खान ने मुस्लिम कर्मचारियों की बर्खास्तगी को बताया असंवैधानिक

फौजिया खान ने महाराष्ट्र के प्रसिद्ध शनि शिंगणापुर मंदिर से 114 मुस्लिम कर्मचारियों को हटाए जाने की घटना को संविधान के अनुच्छेद 16 का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला धार्मिक आधार पर लिया गया है, जो लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों पर आघात है। उन्होंने सवाल किया, "जो कर्मचारी वर्षों से सेवा दे रहे थे, उन्हें मतों की राजनीति के कारण बाहर कर देना संविधान की भावना के खिलाफ है।"

**पश्चिम रेलवे**
**निर्माण कार्य**
उप मुख्य अभियंता, (निर्माण) II, पश्चिमी रेलवे, इंदौर, **ई-टेंडर सूचना क्रमांक: IND-DyCEC-II-IDU-ROB-07, दिनांक: 09.06.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम:** 2 लेन ROB का निर्माण पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के इंदौर-देवास-उज्जैन खंड में पाइल फाउंडेशन, सबस्ट्रक्चर, सुपरस्ट्रक्चर गर्डर कार्य और अन्य विविध कार्यों पर किमी 07/19-21 पर LC 07 के स्थान पर (1×30 मीटर कम्पोजिट गर्डर) **कार्य की अनुमानित लागत:** 5,75,84,359.02, **बोली सुरक्षा:** 4,37,900/-, **जमा करने की तिथि और समय:** 30.06.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 30.06.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ 0255
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## संपादकीय

# हमले से पस्त ईरान

सुनियोजित व ठोस खुफिया जानकारियों के साथ इस्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों व शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर बड़े सधे हमले किए हैं। ईरान के नतान्ज स्थित मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र को भी निशान बनाया गया। शुक्रवार की सुबह इस्राइल ने 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के जरिये वायु रक्षा प्रणाली व मिसाइलों को ध्वस्त करते हुए ईरान के हवाई क्षेत्र में सैकड़ों लड़ाकू जहाजों के जरिये भारी तबाही मचायी। इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद की बड़ी भूमिका वाले इस ऑपरेशन के जरिये न केवल ईरान की मिसाइल क्षमता को कमजोर किया बल्कि हवाई रक्षा प्रणाली को भी बेअसर किया। जिसके बाद इस्राइली एयरफोर्स ने ताबड़तोड़ हमलों से ईरानी वायुक्षमता को बेदम कर दिया। लंबी खुफिया तैयारी के साथ इस्राइल ने ईरान के भीतर विस्फोटक ड्रोन बेस स्थापित किए और शुक्रवार तड़के इन ड्रोन ने ईरान के सैन्य ठिकानों में तबाही मचा दी। जिससे ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस्राइल ने ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों, सैन्य अधिकारियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े वैज्ञानिकों व प्रमुख लोगों पर लंबी तैयारी के बाद सटीक हमले किए। कई बड़े अधिकारियों को उनके घरों में ही मार दिया गया। दरअसल, इस्राइल का मानना था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब है। यहां तक कि परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करने वाली संस्था आईएईए ने स्पष्ट शब्दों में ईरान पर परमाणु अप्रसार समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। हमले में सेना प्रमुख के अलावा ईरानी सेना की सबसे ताकतवर शाखा रिवोल्यूशनरी गाड्र्स के कमांडर हौसेन सलामी को भी मार डाला गया। हमले में न केवल यूरेनियम संवर्धन प्रतिष्ठान पर हमला किया गया, बल्कि कई परमाणु वैज्ञानिकों को भी मार दिया गया। ईरान ने इस्राइल पर नागरिक ठिकानों पर हमला करने के आरोप लगाए। उत्तर पूर्वी ईरान के अलावा नतांज परमाणु केंद्र पर भी धमाके सुने गए। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को चेताया है कि जब तक ईरान की ओर से खतरे की आशंका खत्म नहीं हो जाती, ये हमले आगे भी जारी रहेंगे। दरअसल, इस्राइल का मानना रहा है कि ईरान संवर्धित यूरेनियम से परमाणु हथियार बनाने के करीब है, जो उसके अस्तित्व के लिये चुनौती है। इस्राइल ने ईरान पर उसके क्षेत्र में सैकड़ों ड्रोन दागने के भी आरोप लगाये हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अमेरिका व इस्राइल को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर ईरान के सरकारी मीडिया ने इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स कोर के कमांडर इन चीफ हौसैन सलामी सहित पांच शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत की बात स्वीकारी है। साथ ही दो महत्वपूर्ण परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। दरअसल, ईरान अमेरिका व इस्राइल के दावों को खारिज करते हुए कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये है। जबकि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की दलील है कि ईरान की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता। वह संवर्धित यूरेनियम से जुड़े प्रश्नों के तार्किक जवाब नहीं दे पाया है। कहा जा रहा है कि ईरान के गुप्त परमाणु ठिकानों का पता चलने के बाद उसके परमाणु कार्यक्रम की मंशा संदिग्ध बन गई है। उसने संवर्धित यूरेनियम भंडार के बारे में सटीक जानकारी भी नहीं दी। आईएईए की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि ईरान इतना यूरेनियम संवर्धित कर चुका है कि वह नौ परमाणु बना सकता है। हालांकि, अमेरिकी विदेश मंत्री इस हमले में अमेरिका की सीधी भूमिका होने से इनकार कर रहे हैं।

## शख्सियत — लक्ष्मी मित्तल

### भारत के 'स्टील किंग'



लक्ष्मी निवास मित्तल जन्म 15 जून 1950 को सादुलपुर, राजस्थान, भारत में) **एक भारतीय स्टील मैग्नेट हैं**, जो यूनाइटेड किंगडम में रहते हैं दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी स्टील मेकिंग कंपनी आर्सेलर मित्तल के कार्यकारी अध्यक्ष हैं, साथ ही स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी एपरम के 38% के मालिक हैं और EFL चैंपियनशिप कीटीमक्वींस पार्क रेंजर्स में 3% की हिस्सेदारी रखते हैं।

लक्ष्मी मित्तल, दुनिया के प्रमुख इस्पात उद्योगपतियों में से एक हैं, जिन्होंने अपने व्यावसायिक कौशल के बल पर वैश्विक पहचान बनाई। फोर्ब्स ने उन्हें 2005 में दुनिया का तीसरा सबसे अमीर व्यक्ति घोषित किया था, लेकिन समय के साथ उनकी संपत्ति में गिरावट आई और अक्टूबर 2024 तक वे 130वें स्थान पर पहुँच गए। फिर भी, वे 2015 में फोर्ब्स की सबसे शक्तिशाली लोगों की सूची में 57वें स्थान पर रहे। वे कई महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संगठनों से जुड़े हैं जैसे गोल्डमैन सैक्स के निदेशक मंडल, वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन और वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम। उनकी बेटी वनिशा मित्तल की शादी 2005 में इतिहास की दूसरी सबसे महंगी शादी मानी जाती है। लक्ष्मी मित्तल का जन्म एक मारवाड़ी हिंदू परिवार में हुआ था। उन्होंने कोलकाता के सेंट जेवियर्स कॉलेज से बी.कॉम की डिग्री प्राप्त की। 1976 में भारत सरकार द्वारा इस्पात उत्पादन पर नियंत्रण के चलते उन्होंने इंडोनेशिया के सिदोअर्जो में अपनी पहली स्टील फैक्ट्री पीटी इस्पात इंडोर की स्थापना की। 1989 में त्रिनिदाद और टोबैगो में घाटे में चल रही सरकारी स्टील फैक्ट्री को मुनाफे में बदलकर उन्होंने अपनी कार्यकुशलता का प्रमाण दिया। भारत में पारिवारिक व्यवसाय अब उनके भाइयों प्रमोद और विनोद मित्तल द्वारा संचालित होता है, लेकिन लक्ष्मी मित्तल उससे अलग हैं। 1990 और 2000 के दशक में मित्तल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई स्टील कंपनियों का अधिग्रहण किया। इनमें मेक्सिको, कजाकिस्तान, रोमानिया, पोलैंड और आयरलैंड की कंपनियां शामिल हैं। उन्होंने कुछ संपत्तियाँ बहुत ही मामूली कीमतों पर खरीदीं, जैसे कि आयरलैंड का स्टील प्लांट, जिसे उन्होंने IR1 में खरीदा था। हालांकि, कुछ अधिग्रहणों के बाद पर्यावरणीय और श्रम से जुड़े विवादों ने उन्हें आलोचना का सामना कराया। कजाकिस्तान की खदानों में गैस विस्फोट की घटना, जिसमें 23 खनिकों की जान गई, को लेकर उनकी काफी आलोचना हुई। 2006-07 में, मित्तल ने आर्सेलर के अधिग्रहण में सफलता पाई और आर्सेलर मित्तल कंपनी की स्थापना की। इस अधिग्रहण ने उन्हें वैश्विक स्टील उद्योग का अजेय खिलाड़ी बना दिया। डोचनल को बाद में एक अलग मामले में रूसी एजेंटों की ओर से पुलिस अधिकारियों को रिश्वत देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मित्तल के कर्मचारियों ने उनकी खदानों में कई मौतों के बाद उन पर दास श्रम की स्थिति की अनुमति देने का आरोप लगाया है। उदाहरण के लिए, दिसंबर 2004 के दौरान, कजाकिस्तान में उनकी खदानों में दोषपूर्ण गैस डिटेक्टरों के कारण हुए विस्फोटों में 23 खनिकों की मौत हो गई थी । 2006-07 में, मित्तल ने आर्सेलर के लिए शत्रुतापूर्ण अधिग्रहण बोली में सफलता प्राप्त की , जिसका नाम उन्होंने आर्सेलर मित्तल रखा । ऐसा करने से उन्होंने फ्रांस की यूसिनोर स्टील परिसंपत्तियों, लक्ज़मबर्ग की आर्बेड स्टील परिसंपत्तियों और स्पेन की एसेरालिया स्टील परिसंपत्तियों पर नियंत्रण प्राप्त किया।

# हमारी जड़ें जितनी मजबूत होंगी हमारा भविष्य उतना ही हरा-भरा होगा



**अनूप उपाध्याय**
(बैंकिंग क्षेत्र से सेवानिवृति के पश्चात् साहित्यिक विधा में सक्रिय)



आजकल फिर एक बार, यहाँ-वहाँ, जहाँ-तहाँ सुर्ख़ियों में हैं दरकते रिश्तों और सिसकते सम्बन्धों की कहानियां। मन बहुत विचलित हो जाता है कि हमारे समाज को न जाने किसकी नज़र लग गयी है। विभिन्न संबंधो से उद्भव होता समाज और समाज की अवधारणा का मूल परिवार। उस परिवार की बुनियाद एक स्त्री और एक पुरुष के आत्मिक संबंध, जो विवाह रुपी एक पवित्र बंधन में बंधते हुए, बंध जाते हैं एक अटूट, अपरिहार्य और अनिवार्य बंधन में। यहाँ से शुरू होती है परिवार का बीजारोपण।

ऐसे पवित्र बंधन में बंधा हुआ एक नव दंपत्ति, जो अपना जीवन शुरू करने, एक दूसरे को समझने और नई-नई जगहों की खोज के साथ, स्नेह और आनन्द के हिलोरें लेने के साथ, जीवन की शुरुवात को यादगार बनाना चाहते हैं, तभी उनमे से एक की हत्या हो जाये और दूसरा आरोपी इतनी कुत्सित, घृणित और विकृति मानसिकता का वाहक हमारा भारतीय समाज कैसे हो सकता है! कितनी वीभत्स स्थिति है हमारे भविष्य के समाज की! कभी कोई पत्नी अटैची में मिलती है, तो किसी का पिता ड्रम में; कोई आत्महत्या कर रहा है, तो कोई अवसाद में; एक तलाक ले रहा है, तो दूसरा लीगली सेपरेट हो जा रहा है; कोई संबंधो को ही शेष करने के मोलभाव कर रहा है, तो कोई बिन बात के जेल भिजवा रहा है। लगता है, हमारे युवाओं का विवाह जैसी संस्था से मन भर गया है। हमारे युवाओं के इस तरह के व्यवहार के पीछे के क्या मायने तलाशे जायें? यह कि युवा नकारा हो गए हैं? समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों से भयग्रस्त हैं? शायद नहीं। आज के युवाओं में जो प्रतिभा, प्रखरता, तकनीकी कौशल, नवाचार, रचनात्मकता है, शायद पहले उतनी नहीं थी। हर क्षेत्र में इनकी प्रतिभा का डंका बज रहा है वह चाहे नई तकनीक से स्टार्टअप इंडिया में अग्रणी रहना हो, शिक्षा क्षेत्र में हो अव्वल, या हो राजनीति की बात। फिर ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं की जमात लेकर हम कहाँ चूक जा रहे हैं कि सबकुछ होते हुए भी ये अपनी मान्यताओं, सम्बन्धों और सामाजिक मूल्यों से विरत हो शार्टकट अपनाने में मजबूर हैं? क्या हमारी पैरेंटिंग में चूक हुई है या हमारी अति महत्वाकांक्षा ने ही इन्हें हमसे दूर कर दिया है? कहीं न कहीं तो खोट है ही चाहे वह हमारे पालन-पोषण में हो, अथवा संस्कार।

संस्कार मनुष्य को अनुशासित बनाता है और अनुशासन उसे सफल। इसमें संयुक्त परिवार का विघटन और रिश्तों के सिमटते दायरे भी कुछ हद तक जिम्मेदार हैं। आज के युवा का जल्दी से जल्दी अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए, अपने पेरेंट्स को छोड़ चल देना रहता है दूर अपने हौसलों की तलाश मेंऔर वह दूर हो जाता है अपनी संस्कृति, संस्कार और सामाजिक सरोकार से। किशोर युवावस्था की दहलीज पर कदम रखते हैं, तब तक अपनी बौद्धिक क्षमता, संकल्प शक्ति और जूनून के बल पर वह निर्भर से आत्म-निर्भर हो जाते हैं और अपने सपनों को साकार होता देख मंत्रमुग्ध सा, जल्दी से जल्दी वह सब कुछ पा लेना चाहते हैं जो कभी उनकी कल्पना शक्ति के बाहर था। वे अपने को सर्वशक्तिमान मानते हुए, नियम, संयम, परम्परा, विश्वास, संस्कृति से बिलग, सहज आकर्षण से ओतप्रोत भावनात्मक रिश्तों की शुरुवात कर देते हैं, क्योंकि युवाओं के लिए प्यार भी एक स्टेटस सिम्बल है जैसे बिना मोहब्बत सफलता अधूरी है। ये युवा उस स्वयंभू शार्ट टर्म रिश्ते के मालिक होते हैं, क्योंकि यह प्यार नहीं, मात्र आकर्षण होता है जिसमें कोई किसी के प्रति ईमानदार नहीं होता, सभी एक दूसरे का उपयोग कर रहे होते हैं। आखिर आज के युवा शीर्ष पर पहुँच कर क्या हासिल करना चाहते हैं? स्वतंत्रता? आज़ाद जीवन? बिना किसी रोकटोक अपनी मर्ज़ी के मालिक? लेकिन उसका हश्र भी समय के साथ नीरस और उबाऊ हो जाता है। बात पुरानी है, जिसमें कई कहानी है पेरेंट्स की रजामंदी हो, अरेंज मैरिज हो, पर बच्चों की कम्पैटीबिलिटी [अनुरूपता] न हो तो क्या होगा? हमारी दकियानूसी सोच का परिणाम घातक हो रहा है। हमें कुछ बीच का रास्ता निकालना होगा अपने लिए न सही, समाज को बचाना होगा परिवार न टूटे, न बच्चे हमसे रूठें, न कोई दामाद की हत्या, न ही कोई बहू बेमौत मारी जाए। हमारे युवा, जो हमारी अगली पीढ़ी के संवाहक हैं, उन्हें हम ऐसा वातावरण दें, जिसमें वे अपनी बातें हमसे कह पायें और हम उनसे तालमेल बिठा पायें। पहले की तमाम वर्जनाएं थीं, जो धीरे-धीरे टूट रहीं हैं। अब दहेज़ के लिए प्रताड़ना के किस्से इक्का-दुक्का सुनने में आते हैं, जबकि दाम्पत्य जीवन में अनुकूलता न होने से पैदा हो रही वैमनस्यता, अलगाव, अवसाद, विलगाव और यही विकृतियाँ पैदा कर रही हैं ऐसे हालात, जो तलाक, सेपरेशन, हत्या, आत्महत्या के रूप में परिणति हो रहे हैं। ऐसे में सम्पूर्ण युवाओं के साथ-साथ पेरेंट्स को भी जागरूक होना पड़ेगा। आजकल सोशल मीडिया में इस बात की भरमार है और पुरजोर वकालत है कि सिंगल रहना है, शादी जैसे पचड़े में नहीं पड़ना है।


कुछ तो आजकल के दृश्य-परिदृश्य देखकर सहम जा रहे हैं कि शादियों का हश्र क्या हो रहा है। यह निश्चित रूप से हमारे समाज के मूल्यों का पतन है पर यह भी नहीं है कि कुएँ में भांग मिल गयी है, हाँ, कुछ लोगों ने पी जरूर रखी है।संबंधों को मधुर बनाने का एक उपाय जो शाश्वत और अनुकरणीय है, वह है आध्यात्म, योग और ध्यान का मार्ग, जिसका हमारे युवाओं ने कदाचित परित्याग कर दिया है। इसका मार्ग हमें जीवन जीने की विधा बताता है। साक्षात् उदाहरण हैं क्रिकेट जगत के मशहूर खिलाड़ी विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा, जिन्हें धन, वैभव, यश, मान, सम्मान की कोई कमी नहीं है। पर आजकल वे ट्रेंड कर रहे हैं आध्यात्म के कारण कभी वृन्दावन में, तो कभी अयोध्या में रामलला के दर्शन करते। यह वही विराट हैं, जो एक वीडियो में कहते दिख रहे थे कि क्या वे पूजापाठ करने वाले दिख रहे हैं और वही जीवनसंगिनी पाने के पश्चात आध्यात्म को आत्मसात करते दिख रहे हैं। आखिर यह जोड़ी भी तो युवाओं के आइकन हैं।

आइये, हम कोशिश करें अपने जड़ों से जुड़ने की, परिवार और दाम्पत्य जीवन को सुखमय बनाने की। हमारी जड़ें जितनी मजबूत होंगी, हमारा भविष्य उतना ही हरा-भरा। आखिर हम हैं तो अपनों के लिए ही उन्हीं से अपना संसार है और उसे खुशहाल बनाने की जिम्मेदारी भी तो हमारी है।

## जीवन मंत्र — थॉमस एडिसन

# सुंदर दृष्टि मौन को वाचाल बना देती है कृपालु दृष्टि विरोध को सहमति बना देती है

यह दृष्टिकोण रिश्तों को तोड़ता नहीं, जोड़ता है। इन दोनों ही दृष्टियों का सार यह है कि मनुष्य का हृदय केवल तर्क से नहीं, भावनाओं से प्रभावित होता है।



यह कथन इस बात को दर्शाता है कि हमारी दृष्टि यानी हम किस नजर से किसी को देखते हैं वही संबंधों की भाषा तय करती है। जब हमारी नजर सौंदर्य से, करुणा से और समझ से भरी होती है, तब बिना शब्दों के भी संवाद हो जाता है। मौन में भी भावनाएं मुखर हो उठती हैं। सुंदर दृष्टि से तात्पर्य है वह नजर जो दूसरों में अच्छाई देखती है, जो दोषों पर नहीं, गुणों पर ध्यान देती है। जब कोई हमें प्रेम, आदर और अपनत्व की निगाह से देखता है, तब हमें कुछ कहने की आवश्यकता नहीं पड़ती। हमारी आत्मा उस भावना को महसूस करती है और मौन स्वयं बोल उठता है। यह दृष्टि संबंधों को जीवंत बना देती है, वह चुप्पी को भी अर्थ दे देती है। इसमें केवल आँखों की नहीं, हृदय की भाषा होती है। इसी तरह,कृपालु दृष्टि अर्थात वह नजर जिसमें क्षमा, सहानुभूति और सहयोग हो वह शत्रुता को भी शांत कर देती है। जब कोई क्रोधित या विरोध में खड़ा व्यक्ति सामने वाले की शांत, करुणा से भरी नजर देखता है, तो उसका हृदय भी पिघलने लगता है। वह विरोध जो तकरार बन सकता था, सहमति में बदल जाता है, क्योंकि सामने से टकराव नहीं, समझदारी आती है। यह दृष्टिकोण रिश्तों को तोड़ता नहीं, जोड़ता है। इन दोनों ही दृष्टियों का सार यह है कि मनुष्य का हृदय केवल तर्क से नहीं, भावनाओं से प्रभावित होता है। यदि हम दूसरों को अपने दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि उनके हृदय की गहराई से देखने लगें प्रेम और करुणा से तो मौन भी अर्थपूर्ण संवाद बन सकता है, और विरोध भी सहयोग में बदल सकता है। यह पंक्ति हमें सिखाती है कि हमारे संबंधों की गहराई, हमारी सोच की सुंदरता और दृष्टि की विशालता में निहित होती है।

## जीवन ऊर्जा

क्लाइव एरिक कुसलर : जन्म 15 जून, 1931 — जन्म

# अगर आपके सपने आपको डराते नहीं हैं, तो वे पर्याप्त बड़े नहीं हैं

क्लाइव एरिक कुसलर (15 जून, 1931 - 24 फरवरी, 2020) एक अमेरिकी साहसिक उपन्यासकार और पानी के नीचे खोजकर्ता थे। उनके थ्रिलर उपन्यास, जिनमें से कई में डर्क पिट का किरदार है, को द न्यूयॉर्क टाइम्स फिक्शन बेस्ट-सेलर सूची में 20 से अधिक बार सूचीबद्ध किया गया है ।



इसका सीधा अर्थ है कि यदि हम जो लक्ष्य या सपना देख रहे हैं, वह हमें सहज, आसान और बिना जोखिम का लगता है, तो संभवतः वह सपना हमें हमारी वास्तविक क्षमता तक नहीं पहुँचाएगा। एक बड़ा सपना वह होता है जो हमारे भीतर कुछ नया करने की चाहत, थोड़ा डर और बहुत सारा उत्साह जगाता है। डर इस बात का संकेत है कि आप एक ऐसी दिशा में सोच रहे हैं जो आपकी वर्तमान स्थिति से कहीं आगे है। हमारे सपने यदि आरामदायक दायरे के भीतर ही सीमित हैं, तो वे केवल योजनाएँ रह जाते हैं, न कि वे शक्तिशाली लक्ष्य जो हमें बदल सकें। बड़े सपने स्वाभाविक रूप से डरावने लग सकते हैं क्योंकि वे हमें असफलता, आलोचना और संघर्ष की संभावना के करीब लाते हैं। लेकिन यही डर यह साबित करता है कि आप कुछ ऐसा करने की कोशिश कर रहे हैं जो असाधारण है। डर इस बात की पुष्टि है कि आप सीमाओं को तोड़ने और खुद को एक नई ऊँचाई पर ले जाने के रास्ते पर हैं। जब हम किसी बड़े लक्ष्य की कल्पना करते हैं जैसे कि कोई बड़ा व्यवसाय शुरू करना, किसी कठिन प्रतियोगी परीक्षा को पास करना, या समाज में बड़ा बदलाव लाना तो हमें भीतर से डर लग सकता है कि क्या मैं यह कर पाऊँगा?लेकिन उसी डर के साथ एक प्रेरणा भी होती है कि अगर मैंने यह कर लिया, तो मेरी ज़िंदगी ही बदल जाएगी। इस डर को समझना और उसे पार करना ही आत्मविकास की असली कुंजी है। यहीं से हमारी मानसिक शक्ति, धैर्य और जुनून की असली परीक्षा शुरू होती है।

## अपने विचार



अखिलेश यादव कभी राजभरों को समझ नहीं पाएंगे। अगर उनमें हिम्मत है तो हमारी पार्टी को तोड़कर दिखा दें। जो अपने बाप और चाचा का नहीं हुआ उस पर भरोसा करना खतरे से खाली नहीं है. उन्होंने सभी को धोखा दिया है।

**-ओम प्रकाश राजभर,** अध्यक्ष, सुभासपा



इमरान मसूद को ना कांग्रेस ने अधिकृत किया है, और ना ही वो इंडिया गठबंधन के प्रवक्ता है और ना ही उत्तर प्रदेश के प्रभारी हैं। वो खुद समाजवादी पार्टी के सहारे जीते हुए एक सांसद हैं। उनको ऐसी भाषा नहीं बोलनी चाहिए जिसकी उम्मीद भारतीय जनता पार्टी करती है।

**-राजीव राय,** सपा सांसद



कुछ लोग (देवेंद्र फडणवीस) यह सब करके बस माहौल बना रहे हैं। हालांकि, मुंबई और महाराष्ट्र में मराठी मानुस की जो दुर्गति हुई है, उसके लिए देवेंद्र फडणवीस ही जिम्मेदार हैं।

**-संजय राउत,** सांसद, शिवसेना(यूबीटी)



हमने जवाब दिया कि जब अमेरिका, इंग्लैंड और यूरोप की सेनाएं अफगानिस्तान के पहाड़ों में ओसामा बिन लादेन की तलाश में 12,000 किलोमीटर जा सकती हैं, तो पीएम मोदी की सेनाएं भी हमारे नागरिकों पर हमला करने वालों की तलाश में 400 किलोमीटर जा सकती हैं।

**-रविशंकर प्रसाद,** सांसद, भाजपा

**अपने विचार**
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# रामायण के युग में ड्रोन, रडार और मिसाइल की अवधारणा

एयर डिफेंस सिस्टम भगवान राम के समय में भी थे। रावण ने भी यह सिस्टम एक्टिवेट किए हुए थे, और जिसका वर्णन श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने किया है।साथ ही, तब रडार से बचकर निकलने की विधा भी उन्नत तरीके से विद्यमान थी, उसका भी वर्णन आपको श्रीरामचरितमानस में देखने को मिल जाता है। सुंदरकांड में इसका वर्णन आता है



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

रावण ने अपना एयर डिफेंस सिस्टम अपनी नेवी समुद्र में फिट कर रखा था।

जैसे यह चौपाईः

**निसिचरि एक**
**सिंधु महुँ रहई।**
**करि माया नभ के**
**खग गहई।।**

वह सिंहिका उड़ते जीवों की पानी पर पड़ती परछाई से उन्हें पकड़कर नष्ट कर डालती थी।

तो तनिक विचार कीजिए कि जो जल के रास्ते लंका में प्रवेश करने की कोशिश करता होगा, उसको कैसे छोड़ती होगी? अतिरिक्त सुरक्षा के लिए लंका और समुद्र के बीच थल सेना में भी सिस्टम था नाम था लंकिनी। यह डिफेंस सिस्टम इतना एक्यूरेट था कि हवा का भी प्रवेश नहीं था, मच्छर तक को डिटेक्ट कर लेती थी। उसे भी हनुमान जी ने उससे अधिक उत्तम और उन्नत टेक्नोलॉजी से ध्वस्त कर दिया था। तब लंकिनी ने ही सर्वप्रथम रावण के पराजय के संकेत दिए थे कि -



**विकल होई जब कपि के**
**मारे, तब जानेसु**
**निशिचर संहारे।।**

उसे ब्रह्माजी ने वर दिया था कि जब तेरा यह डिफेंस सिस्टम समाप्त हो जाएगा, तो समझना कि लंका का और रावण का पराभव निकट है। तब सबसे उन्नत तकनीक हनुमान जी के पास विद्यमान थी। हनुमान जी ने ड्रोन, मिसाइल,मैसेंजर, डोज़ियर सबके रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कर 'ज्ञानीनामग्रगण्यंनाम'को सार्थक किया था।

हनुमान जी ने ऑल इन वन बनकर रावण के सारे सिस्टम ध्वस्त कर दिए थे। लंका के एयर डिफेंस सिस्टम से कई गुना उन्नत अयोध्या का सिस्टम था। अयोध्या का स्काई डिफेंस अधिक एक्टिव था तभी तो संजीवनी लाते हनुमान को भरत जी के आयुध ने रोक लिया था।

यहाँ पर एक बात गौर करने लायक है कि उस समय के साधारण से धनुष, बाण आदि हथियार इतने माइक्रो लेवल के थे कि उन्हें स्वयं ही धारण कर युद्ध के मैदान में उतरा जा सकता था। दिखावे के ये आयुध, अस्त्र-शस्त्र साधारण थे, मगर इनकी मारक क्षमता सदैव सक्रिय रहती थी।

भारत के उन्नत ज्ञान और तकनीक पर हमें गर्व करना चाहिए।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार)।

## ब्रीफ न्यूज़

### परीक्षा में सफल विद्यार्थियों का आज होगा सम्मान

**मुंबई।** सायन-कोलीवाड़ा विभाग के विभिन्न स्कूलों के 10वीं और 12वीं कक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं के लिए रविवार शाम एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम श्री सनातन धर्म सभा गीता भवन हरिमंदिर सभागृह में आयोजित होगा। इस अवसर पर परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार, स्मृति चिन्ह और अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के आयोजक शिवसेना (यूबीटी) के सायन-कोलीवाड़ा विधानसभा संघटक गजानन पद्माकर पाटिल ने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम शिवसेना (युवासेना) प्रमुख व विधायक आदित्य ठाकरे के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। पाटिल ने बताया कि युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल बनाने और शिक्षा के क्षेत्र में उनका हौसला बढ़ाने के लिए पार्टी द्वारा लगातार इस तरह के आयोजन किए जाते रहे हैं।

### कावेसर तालाब के सौंदर्यीकरण के खिलाफ पर्यावरणप्रेमियों की रैली

**ठाणे।** शहर के हिरानंदानी एस्टेट क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक कावेसर तालाब के सौंदर्यीकरण के निर्णय का नागरिकों और पर्यावरणप्रेमियों ने विरोध किया है। इस फैसले के खिलाफ शनिवार को पर्यावरण के प्रति जागरूक लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर जनजागृति रैली निकाली। इस रैली में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक करीब 200 लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि कावेसर तालाब क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य और अतिक्रमण तुरंत रोका जाए, इस इलाके को 'साइलेंट ज़ोन' घोषित किया जाए और तालाब की जैवविविधता का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाए। करीब 150 साल पुराने इस तालाब में दुर्लभ सफेद कमल की प्रजातियां पाई जाती हैं, और इसके चारों ओर समृद्ध जैवविविधता देखी जाती है। हिरानंदानी एस्टेट के नागरिक नियमित रूप से यहां घूमने आते हैं। हालांकि क्षेत्र में कई गार्डन मौजूद हैं, लेकिन प्रकृति की गोद में बसे इस तालाब की ओर लोगों का विशेष आकर्षण रहता है।

### नीट परीक्षा में महाराष्ट्र के 1.25 लाख छात्र हुए पास

**मुंबई।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) ने NEET 2025 यानी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (मेडिकल यूजी) के नतीजे घोषित कर दिए हैं। इस वर्ष महाराष्ट्र से कुल 1,25,727 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। गौरतलब है कि देश के शीर्ष 10 छात्रों की सूची में महाराष्ट्र के दो विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है। कृष्णांग जोशी ने पूरे देश में तीसरी रैंक हासिल की है, जबकि आरव अग्रवाल ने ऑल इंडिया दसवीं रैंक प्राप्त की है, जिससे राज्य का गौरव और ऊँचा हुआ है। इस वर्ष महाराष्ट्र से कुल 2,48,201 छात्रों ने NEET 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 2,42,858 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इनमें से 1,25,727 विद्यार्थी पात्र घोषित किए गए हैं। वहीं अगर पिछले वर्ष 2024 की तुलना करें, तो उस समय 2,82,051 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया था, और 2,75,442 ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 1,42,829 विद्यार्थी पात्र घोषित हुए थे। तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो इस वर्ष महाराष्ट्र से पात्र विद्यार्थियों की संख्या में 17,102 की गिरावट दर्ज की गई है।

# 'किसानों के लिए खजाना खाली, लेकिन एक्सप्रेसवे के लिए पैसा भरपूर'




**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने राज्य की महायुति सरकार पर किसानों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। शनिवार को कांग्रेस नेताओं ने तत्काल और व्यापक कृषि ऋण माफी की मांग की, साथ ही चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो यह कृषि संकट एक बड़े आंदोलन में बदल सकता है।

### समिति बनाना बंद करो, तुरंत राहत दो: थोराट

कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य और पूर्व मंत्री बालासाहेब थोराट ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बार-बार समितियां बनाकर केवल समय नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "समितियों का नाटक बंद कर सरकार को तत्काल व्यापक कर्जमाफी की घोषणा करनी चाहिए।"

### सरकार के पास परियोजनाओं के लिए पैसा, किसानों के लिए नहीं

कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब बात एक्सप्रेसवे या अन्य बड़ी परियोजनाओं की आती है, तो खजाना भरा होता है, लेकिन किसानों की मदद के लिए खजाना खाली बताया जाता है। कर्ज राहत पर 'पात्र' किसानों की शर्त को अपमानजनक बताते हुए पटोले ने कहा, "किसान स्वाभाविक रूप से पात्र हैं। उनके साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।"

### कर्जमाफी पर वादा कर अब समितियों के पीछे छिप रही भाजपा: पटोले

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या दर देश में सबसे अधिक है। उन्होंने सरकार से सभी किसानों के लिए पूर्ण कर्जमाफी की मांग की और कहा कि इससे उनके कर्ज रिकॉर्ड साफ हो सकेंगे। पटोले ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह चुनाव के दौरान कर्जमाफी का वादा करती है, लेकिन बाद में पीछे हट जाती है और समितियों का बहाना बनाती है। उन्होंने कहा, "भाजपा नेताओं के पास कारोबारी हितों के लिए नियम बदलने का समय है, लेकिन किसानों को राहत देने से इनकार कर रहे हैं।"



### सिडको की अनदेखी के खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे नेरुल के नागरिक

**नवी मुंबई।** सेक्टर 27, नेरुल के स्थानीय नागरिक और पर्यावरण कार्यकर्ता रविवार, 15 जून को एक बार फिर लोटस झील की रक्षा के लिए एकत्रित होंगे। नागरिकों का आरोप है कि CIDCO द्वारा झील में डाला गया मलबा आज तक नहीं हटाया गया है। इसको लेकर रविवार सुबह 7 बजे लोटस लेक पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित किया गया है। कार्यकर्ताओं ने स्थानीय निवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। वनशक्ति के स्टालिन डी, सेव लोटस लेक समूह के सुनील अग्रवाल और अधिवक्ता प्रदीप पाटोले पहले ही इस मामले में वेटलैंड अथॉरिटी को शिकायतें सौंप चुके हैं, जिसके बाद वन विभाग ने स्थल का निरीक्षण किया है। अधिवक्ता पाटोले ने कहा, रेन्ज फॉरेस्ट ऑफिसर सुधीर मंजारे ने हाल ही में झील का दौरा किया था।

## गणेश मुहूर्त पूजा' संपन्न, गणेशोत्सव की तैयारियाँ



**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

मुंबई के सबसे प्रतिष्ठित गणेश पंडाल लालबागचा राजा सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल, परेल में शनिवार को 'गणेश मुहूर्त पूजा' संपन्न हुई। इस पूजा के साथ ही गणेशोत्सव की धार्मिक तैयारियों की औपचारिक शुरुआत हो गई है। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र लालबागचा राजा इस वर्ष अपना 92वां गणेशोत्सव मना रहा है। गणेशोत्सव का आयोजन इस वर्ष बुधवार, 27 अगस्त से लेकर शनिवार, 6 सितंबर (अनंत चतुर्दशी) तक किया जाएगा।

### सुबह 6 बजे हुआ पारंपरिक पूजा अनुष्ठान

गणेश मूर्ति निर्माण स्थल श्री कांबळी आर्ट्स वर्कशॉप में सुबह 6 बजे पूजा संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर मंडल के अध्यक्ष बालासाहेब सुदाम कांबळे ने पूजा का नेतृत्व किया, जबकि मंडल के कोषाध्यक्ष मंगेश दळवी ने लालबागचा राजा सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल की रसीद पुस्तिकाएँ भगवान गणेश के चरणों में समर्पित कीं।

### एम्बुलेंस उपलब्ध न होने कारण महिला ने मृत शिशु को दिया जन्म

**पालघर।** पालघर जिले के मोखाडा तालुका में स्वास्थ्य सुविधाओं की लचर स्थिति का एक दर्दनाक मामला सामने आया है। जोगलवाड़ी गांव की रहने वाली गर्भवती महिला अविता कवार को समय पर एम्बुलेंस न मिलने और इलाज में देरी के कारण अपने अजन्मे बच्चे को खोना पड़ा। परिवार ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। परिवार के अनुसार, अविता को 10 जून को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। 108 एम्बुलेंस सेवा पर कॉल करने के बावजूद कोई वाहन उपलब्ध नहीं हुआ। अगले दिन यानी 11 जून को फिर कॉल किया गया, लेकिन वही स्थिति रही। मजबूरन, परिजनों ने उसे निजी वाहन से खोडाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) पहुंचाया। PHC में डॉक्टरों ने पहले इलाज का आश्वासन दिया, लेकिन तीन घंटे बाद बताया कि महिला की हालत गंभीर है और उसे मोखाडा ग्रामीण अस्पताल रेफर किया जाना चाहिए।

## ठाणे सिविल अस्पताल में विश्व रक्तदान दिवस का भव्य आयोजन

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

। ठाणे सिविल अस्पताल में शुक्रवार को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार ने रक्तदान को "सर्वोत्तम दान" करार देते हुए इसे सामाजिक प्रतिबद्धता बताया। उन्होंने कहा कि "आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी घायल नागरिक या सीमा पर तैनात सैनिक की जान बचा सकता है।" कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. पवार ने कहा, "रक्त किसी फैक्ट्री या लैब में नहीं बन सकता। दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों, प्रसूति महिलाओं, कैंसर और थैलेसीमिया जैसी बीमारियों से पीड़ितों के लिए रक्त की समय पर उपलब्धता जीवनरक्षक बन जाती है।" उन्होंने नियमित और स्वैच्छिक रक्तदान को जरूरी बताया।इस आयोजन की पहल ठाणे सिविल अस्पताल के ब्लड बैंक विभाग द्वारा की गई थी। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगड़े, डॉ. श्रीजीत शिंदे, डॉ. विलास सालवी सहित कई अधिकारी और चिकित्सक मौजूद रहे।




### हर साल एकत्र होते हैं 2500 यूनिट रक्त

सिविल अस्पताल में साल भर में लगभग 2500 बोतल रक्त एकत्र किया जाता है। तीन महीने में एक बार किया गया रक्तदान किसी की जान बचाने में मददगार हो सकता है। डॉ. पवार ने बताया कि नागरिकों में जागरूकता लगातार बढ़ रही है और बड़ी संख्या में लोग अस्पताल आकर स्वेच्छा से रक्तदान कर रहे हैं।

## प्रथम श्रेणी डिब्बों में 16 जून से शुरू होगा टिकट जांच अभियान

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल का मुंबई मंडल प्रथम श्रेणी डिब्बों में अनधिकृत यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए 16 जून 2025 से एक केंद्रित टिकट जांच अभियान शुरू करने जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य अधिकृत यात्रियों को बेहतर सुविधा देना, किराया व्यवस्था की शुद्धता बनाए रखना और उपनगरीय ट्रेनों में अनुशासन स्थापित करना है। मध्य रेल को लगातार यह शिकायत मिल रही थी कि उपनगरीय ट्रेनों की प्रथम श्रेणी बोगियों में बिना वैध टिकट के लोग यात्रा कर रहे हैं। इन शिकायतों के मद्देनजर रेलवे ने यह निर्णायक कदम उठाया है जिससे असली टिकटधारकों को उनका हक मिल सके।

▪ यात्रियों को बेहतर सुविधा देना, किराया व्यवस्था

### पीक घंटों में चलेगा एंड-टू-एंड चेकिंग ऑपरेशन

अभियान के तहत विशेष टिकट जांच दल और रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की टीमें पीक आवर्स में रोटेशन के आधार पर ट्रेनों के प्रथम श्रेणी डिब्बों में पूरी यात्रा के दौरान मौजूद रहेंगी। वे हर यात्री की जांच करेंगे ताकि कोई अनधिकृत यात्री डिब्बे में न रह सके।

### मौके पर वसूला जाएगा जुर्माना

बिना वैध टिकट पाए जाने पर यात्रियों से तुरंत जुर्माना वसूला जाएगा, और भुगतान न करने की स्थिति में उन्हें अगले स्टेशन पर उतार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अब परीक्षा के आधार पर होगी सिविल इंजीनियरों की नियुक्ति

### 2025 से लागू होगा नया परीक्षा नियम

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

नवी मुंबई महानगरपालिका प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और समानता लाने की दिशा में अहम कदम उठा रहा है। अब नगर नियोजन विभाग में सिविल इंजीनियरों की पदस्थापना या स्थानांतरण केवल परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। इस प्रक्रिया को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) के ढांचे पर आधारित 'परीक्षा नियम 2025' के तहत लागू किया जाएगा। मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के नेतृत्व में यह नीतिगत निर्णय लिया गया है कि सिविल इंजीनियरिंग सेवा में कार्यरत सभी वर्गों – कार्यकारी अभियंता, उप अभियंता, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता – को नगर नियोजन विभाग में स्थानांतरित या पदस्थापित होने के लिए अनिवार्य रूप से परीक्षा देनी होगी।

### कानूनी और सेवा नियमों के अंतर्गत निर्णय

इस निर्णय को महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम, 1949 की धारा 457(3)(क) और (ख) तथा धारा 465 के प्रावधानों के तहत और NMMC सेवाएं (प्रवेश व वर्गीकरण) नियम, 2021 के तहत लागू किया गया है।

### सभी को मिलेगा बराबर मौका

इस प्रक्रिया से न केवल सिविल इंजीनियरों के अनुभव का नगर नियोजन कार्यों में उपयोग किया जा सकेगा, बल्कि सभी कर्मचारियों को समान अवसर भी मिलेगा। इससे काम का संतुलित और न्यायसंगत वितरण भी सुनिश्चित होगा।

### बढ़ेगा पारदर्शिता और संतोष

मनपा के अनुसार, इस कदम से विभिन्न विभागों में कार्यरत सिविल इंजीनियर – जैसे कि लोक निर्माण, जल आपूर्ति, सीवरेज, संपत्ति और नगर नियोजन – सभी को निष्पक्ष तरीके से स्थानांतरण का मौका मिलेगा। आयुक्त के इस फैसले से सिविल इंजीनियरिंग वर्ग में संतोष और सकारात्मकता देखी जा रही है।

## विद्यार्थियों के लिए गुणगौरव एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे के डॉ. काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह में हर वर्ष की तरह इस बार भी गुणगौरव एवं मार्गदर्शन शिविर का भव्य आयोजन किया गया। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के मार्गदर्शन और युवा सेना के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्वेश सरनाईक के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।




### बोझ नहीं, अपना सर्वश्रेष्ठ देना है : सरनाईक

मंत्री प्रताप सरनाईक ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा, "आज की प्रतिस्पर्धा और तनावपूर्ण वातावरण में हमें अपेक्षाओं के बोझ में न फंसकर अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करना चाहिए।" उन्होंने युवाओं को आत्मबल और संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्वेश सरनाईक ने बताया, "साधारण परिवारों से आने वाले छात्रों को प्रोत्साहन और मार्गदर्शन देने के लिए हम यह उपक्रम पिछले कई वर्षों से लगातार कर रहे हैं।" कार्यक्रम में लकी ड्रा के जरिए विद्यार्थियों को लैपटॉप, स्मार्टफोन, साइकिल, कलर प्रिंटर, स्मार्ट वॉच, हेडफोन, ईयर बड्स जैसी कई उपयोगी वस्तुएं भी उपहार में दी गईं।

### सम्मान, उपहार और प्रेरणादायी सत्र

इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र, ट्रॉफी और उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध माइंड रीडर भूपेश दवे का व्यक्तित्व विकास पर आधारित प्रेरणात्मक सत्र रहा, जिसमें उन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास, एकाग्रता और मानसिक मजबूती के टिप्स दिए।

### भीड़भाड़ और उत्साह से भरा आयोजन

इस कार्यक्रम में ओवाला-मजीवड़ा क्षेत्र के 1500 से अधिक विद्यार्थी एवं अभिभावक शामिल हुए। मंच पर सांसद नरेश म्हस्के, पूर्व नगरसेविका परीशा सरनाईक, कश्मीरा सरनाईक, राहुल लोंढे, विमल भोईर, राधिका पाठक, टीना डिसूजा, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुनील वरुडे सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी।

**वृष:** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक काम करने की इच्छा रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। सुख के साधन प्राप्त होंगे। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**कर्क:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। शारीरिक कष्ट संभव है। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह:** किसी दूसरे व्यक्ति की बातों में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी में मातहतों से कहासुनी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। कुसंगति से बचें।

**कन्या:** धन प्राप्ति सुगम होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य हो सकता है। शरीर में कमर व घुटने आदि के दर्द से परेशानी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें।

**तुला:** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

**वृश्चिक:** किसी वरिष्ठ प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कष्ट व भय सताएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

**धनु:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**मकर:** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा होगी। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**कुंभ:** दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। घर में मेहमानों का आगमन होगा। कोई मांगलिक कार्य हो सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मीन:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिल सकती है।

## नक्षत्र और विस्तृत विवरण




जन्म नक्षत्रों से संबंधित वृक्ष आप लगाए या जहा कही ये बृक्ष हो नियमित सेवा करे खाद पानी दिया करे इससे आपको मानसिक शांति और भाग्य में वृद्धि होगी आइये देखे किस नक्षत्र के लोग किस पेड़ की ज्यादा सेवा करे।

1. :अशिवनी : केतु : ज्योतिष शास्त्र में सबसे प्रमुख और सबसे प्रथम अश्विन नक्षत्र को माना गया है। जो व्यक्ति इस नक्षत्र में जन्म लेता है वह बहुत ऊर्जावान होने के सथ-साथ हमेशा सक्रिय रहना पसंद करता है।

2. : भारिणी : शुक्र : इस नक्षत्र का स्वामी शुक्र ग्रह होता है, जिसकी वजह से इस नक्षत्र में जन्में लोग आराम पसंद और आलीशान जीवन जीना चाहते हैं। ये लोग काफी आकर्षक और सुंदर होते हैं, इनका स्वभाव लोगों को आकर्षित करता है।

3. : कृतिका : सूर्य : इस नक्षत्र में जन्में जातक ना तो पहली नजर में प्यार जैसी चीज पर भरोसा करते हैं और ना ही किसी पर बहुत जल्दी एतबार करते हैं ये लोग मतलब से रिश्ता बनाते है और अगर रिश्ते में इनकी बात शादी विवाह के बाद न सुने तो तोडने में देर नही लगाते। इस नक्षत्र में जन्म लेने वाले व्यक्ति पर सूर्य का प्रभाव रहता है, जिसकी वजह से ये लोग आत्म गौरव करने वाले होते हैं। ये लोग स्वाभिमानी होने के साथ-साथ तुनक मिजाजी और बहुत उत्साहित रहने वाले होते हैं।


प्रियंका जैन
9769994439

4. : रोहिणी :चन्द्रमा : रोहिणी नक्षत्र का स्वामी चंद्रमा होता है और चंद्रमा के प्रभाव की वजह से ये लोग काफी कल्पनाशील और रोमांटिक स्वभाव के होते हैं। ये लोग काफी चंचल स्वभाव के होते हैं और स्थायित्व इन्हें रास नहीं आता। इन लोगों की सबसे बड़ी कमी यह होती है कि ये कभी एक ही मुद्दे या राय पर कायम नहीं रहते। ये लोग स्वभाव से काफी मिलनसार तो होते ही हैं लेकिन साथ-साथ जीवन की सभी सुख-सुविधाओं को पाने की कोशिश भी करते रहते हैं।

5. :मृगशिरा : मंगल : इस नक्षत्र के जातकों पर मंगल का प्रभाव होने की वजह से ये लोग काफी साहसी और दृढ़ निश्चय वाले होते इनके गुप्त शत्रु बहुत ज्यादा होते है। राजनीति में ये लोग शिखर पर पहुचते जरूर हैं। ये लोग स्थायी जीवन जीने में विश्वास रखते हैं और हर काम पूरी मेहनत के साथ पूरा करते हैं। इनका व्यक्तित्व काफी आकर्षक होता है और ये हमेशा सचेत रहते हैं क्यो की जान का खतरा हमेशा शत्रु द्वारा होता है वाहन दुर्घटना के भी शिकार होते है क्यो की मृग का जीवन जैसे जंगल मे हमेशा खतरे में रहता है ऐसा ही जीवन मे अनुभव होता है।

न्यूज़ ब्रीफ

## डेढ़ करोड़ के डोडा और दो ट्रैक्टर जब्त

**खूंटी।** जिला पुलिस महीनों बाद अफीम तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए डेढ़ करोड़ मूल्य का 992 किलो डोडा जब्त किया है। इसके साथ ही दो ट्रैक्टर भी जब्त किया गया। अड़की पुलिस ने बेडाहातु गांव के पास एक निर्माणाधीन पुल के समीप कार्रवाई करते हुए करोड़ों का डोडा जब्त करने में कामयाबी हासिल की है। खूंटी पुलिस द्वारा जारी प्रेस रिलीज में डेढ़ करोड़ का डोडा जब्त करने का खुलासा किया है। प्रेस रिलीज और कार्रवाई के मामले पर डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि एसपी मनीष टोप्पो को एक सूचना मिली कि अड़की इलाके से करोड़ो का डोडा की तस्करी कर तमाड़ भेजने की तैयारी में है। सूचना पर डीएसपी के नेतृत्व में टीम गठित कर अड़की थानेदार ने कार्रवाई करते हुए बेडाहातु गांव के समीप से दो ट्रैक्टर को जब्त किया।

## 60 वारदातों में शामिल सात बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले की एएटीएस और ख्याला पुलिस ने 60 आपराधिक वारदातों में शामिल सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से नौ चोरी की दोपहिया गाड़ियां, सात मोबाइल फोन और गहने बरामद हुए हैं। 12 जून को इंदरपुरी में प्रदीप उर्फ चेला, विकासपुरी में बंटी और वेस्ट गेट मॉल के पास से सोनू सरकार उर्फ बंगाली पकड़े गए। इनकी निशानदेही पर आठ दोपहिया वाहन बरामद हुए। 11 जून को ख्याला पुलिस ने पश्चिम विहार में रिहान, सुनील उर्फ बीड़ी और अश्वनी को गिरफ्तार किया है।

## मंगनी लाल मंडल होंगे आरजेडी के 7वें प्रदेश अध्यक्ष!

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड से राष्ट्रीय जनता दल में शामिल होने वाले पूर्व मंत्री मंगनी लाल मंडल अब आरजेडी के नए प्रदेश अध्यक्ष होंगे। लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और मीसा भारती के साथ पार्टी कार्यालय पहुंचकर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए आज नामांकन किया है। हालांकि उनके अलावे किसी ने भी पर्चा नहीं भरा, लिहाजा उनका प्रदेश अध्यक्ष बनना तया है। इन दिनों राष्ट्रीय जनता दल में संगठन का चुनाव हो रहा है। प्रखंड और जिला स्तर के बाद आज प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन का दिन था। मंगली लाल मंडल ने पद के लिए पर्चा भरा है। 19 जून को पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में राष्ट्रीय जनता दल की राज्य कार्य समिति की बैठक होगी। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी।

## राज्य में आगामी चुनावों को लेकर तैयारियां तेज

**रांची।** राज्य में आगामी चुनावों को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग की नई गाइडलाइंस के तहत अब एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता ही रखे जाएंगे। शनिवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के। रवि कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के डीसी व निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाताओं की सुविधा को लेकर हर स्तर पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस व्यवस्था के कारण राज्य में करीब 6000 नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। वर्तमान में राज्य में 29,562 मतदान केंद्र हैं, लेकिन हर बूथ पर 1500 की जगह 1200 मतदाता होने से करीब 20% केंद्रों की संख्या में वृद्धि होगी।

# उत्तर प्रदेश पुलिस को मिलेंगे 60,244 नए कांस्टेबल

▶▶ सीएम योगी और गृहमंत्री अमित शाह करेंगे नियुक्ति पत्र वितरण

एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश पुलिस को कल (15 जून 2025, रविवार) 60,244 नए कांस्टेबल मिलने जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे। लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड (आशियाना) में होने वाले इस समारोह में प्रदेशभर से चयनित अभ्यर्थी और उनके परिजन शामिल होंगे। इससे पहले शनिवार को डीजीपी राजीव कृष्ण, डीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की।

### इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में भर्ती



डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार है जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में पुलिस कांस्टेबलों की नियुक्ति हो रही है। खास बात यह है कि इस भर्ती में 12,000 से अधिक महिला सिपाही भी शामिल हैं, जिन्हें 20% आरक्षण दिया गया।

### AI आधारित परीक्षा और सुरक्षा व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी ने परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) तकनीक का सहारा लिया। 15,000 प्रश्नों का प्रश्न बैंक तैयार कर रैंडमाइजेशन के जरिए पेपर बनाए गए। पेपर को तीन श्रेणियों में बाँटा गया – कठिन (30%), मध्यम (50%) और आसान (20%)। सभी परीक्षा केंद्रों पर AI सक्षम CCTV, GPS ट्रैकिंग, और स्ट्रॉन्ग रूम की निगरानी जैसे अत्याधुनिक उपाय किए गए। परीक्षा पांच दिनों में 10 शिफ्टों में कराई गई और रिकॉर्ड समय में रिजल्ट घोषित हुआ।

### प्रदेश के हर जिले को मिला प्रतिनिधित्व

भर्ती प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के युवाओं को अवसर मिला। सबसे अधिक चयन आगरा (2,349 अभ्यर्थी) से हुआ, जबकि सबसे कम श्रावस्ती (25 अभ्यर्थी) से। अन्य राज्यों – बिहार, एमपी, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली से भी 1,145 अभ्यर्थियों का चयन हुआ।कार्यक्रम में भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए कड़ी सुरक्षा और गर्मी से बचाव के लिए कूलर, पानी और बैठने की बेहतर व्यवस्था की गई है। VIP और VVIP की उपस्थिति को देखते हुए विशेष प्रोटोकॉल लागू होंगे।

हार्ट मरीजों के लिए खुशखबरी

# लखनऊ में जल्द शुरू होगा 500 बेड वाला लारी कार्डियोलॉजी सेंटर-2

एजेंसी | लखनऊ

लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (KGMU) स्थित लारी कार्डियोलॉजी सेंटर में मरीजों की भारी भीड़ और लंबी वेटिंग को देखते हुए अब लारी कार्डियोलॉजी सेंटर-2 की शुरुआत जून महीने के अंत में की जा रही है। आठ मंजिला इस बिल्डिंग में 500 बेड की सुविधा होगी। सेंटर पूरी तरह बनकर तैयार है और अत्याधुनिक उपकरण भी इंस्टॉल किए जा चुके हैं।




**नई सुविधाएं: एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, हाई डिपेंडेंसी यूनिट**

नई इमारत में कार्डियक मरीजों के लिए एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी की सुविधा होगी। इसके अलावा गंभीर मरीजों के लिए हाई डिपेंडेंसी यूनिट भी तैयार की गई है। इससे गंभीर हृदय रोगियों को त्वरित और बेहतर इलाज मिल सकेगा।

### भीड़ का दबाव: मौजूदा 94 बेड पर रोजाना 500 मरीजों की भीड़

वर्तमान में लारी सेंटर में 94 बेड और 11 फैकल्टी हैं। रोजाना करीब 250 पुराने और 100 नए रजिस्ट्रेशन होते हैं। औसतन 500 मरीज प्रतिदिन देखे जाते हैं, जिससे इलाज में देरी होती है और डेढ़ से दो महीने तक की वेटिंग बनी रहती है।

### डॉक्टर और स्टाफ की संख्या बढ़ेगी, फैकल्टी के 8 नए पदों का प्रस्ताव

लारी कार्डियोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रो. ऋषि सेठी ने बताया कि नई बिल्डिंग को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए 250 से 300 नए स्टाफ की आवश्यकता होगी। वर्तमान में विभाग में 11 फैकल्टी कार्यरत हैं जिन्हें बढ़ाकर 19 किया जाएगा। इसके लिए 8 नए पदों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अनुमति मिलते ही भर्ती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### मरीजों के अनुभव: इलाज बेहतरीन, लेकिन भर्ती की प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण

बदायूं से आए मरीज की बेटी श्वेता कुमारी बताती हैं कि उन्हें रजिस्ट्रेशन के लिए रात में ही लाइन में बैठना पड़ा, फिर सुबह काउंटर खुलने पर पर्चा बन पाया। लेकिन उन्होंने माना कि यहां इलाज अच्छा होता है, इसीलिए मरीज दूर-दराज से आते हैं। वहीं, देवेंद्र ने बताया कि भर्ती के बाद एचआरएफ योजना के तहत 50-60% डिस्काउंट पर दवाएं मिलती हैं और इलाज में कोई परेशानी नहीं होती।

# नशे के नेटवर्क पर पुलिस का स्ट्राइक

▶▶ 44 लाख नकद और अफीम-ब्राउन शुगर जब्त

▶▶ दो तस्कर गिरफ्तार, एसपी ने दी कड़ी चेतावनी

**चतरा।** चतरा जिले में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में 44 लाख 57 हजार 350 रुपए नकद, 11.172 किलोग्राम अवैध अफीम और 0.287 किलोग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई है। इस अभियान में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं।

### ब्राउन शुगर बनाने की मशीन और बाइक भी बरामद

तस्करों के पास से एक एंड्रॉयड मोबाइल, आसमानी रंग की मोटरसाइकिल, उसकी चाबी, और एक पुरानी लोहे की ब्राउन शुगर बनाने वाली मशीन भी जब्त की गई है। इससे तस्करी के तकनीकी संसाधनों का भी खुलासा हुआ है।



### विशेष टीम का गठन, दो आरोपितों की गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि पत्थलगड़ा निवासी रौशन दांगी उर्फ भागीरथ अवैध तस्करी में लिप्त था। सूचना के बाद एक विशेष छापेमारी टीम गठित की गई, जिसमें सिमरिया डीएसपी शुभम खंडेलवाल, चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन समेत अन्य अधिकारी शामिल थे। कार्रवाई के दौरान रौशन दांगी और बुढ़ीगढ़ा गांव की रूबी देवी को गिरफ्तार किया गया।

# चारधाम यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

▶▶ केदारनाथ में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे, कुल आंकड़ा 28.35 लाख पार

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा जोरों पर चल रही है। मात्र 42 दिनों में केदारनाथ यात्रा में 10 लाख से अधिक भक्तों ने बाबा केदार के दर्शन कर एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। मौसम कि तमाम दुशवारियों और विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद भी केदारनाथ धाम कि यात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ा है। जिला प्रशासन की ओर से भी यात्रियों को हर सुविधा देने के सफल प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं, 30 अप्रैल से शुरू हुई चारधाम यात्रा में अभी तक 28 लाख 35हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच चुके हैं।



### केदारनाथ धाम

2 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खोले गए थे। जिसके बाद से केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। अभी तक 1018540 श्रद्धालु बाबा केदार का आशीर्वाद ले चुके हैं। जबकि 13 जून को 24509 श्रद्धालुओं ने भगवान केदारनाथ के दर्शन किए।

### गंगोत्री धाम

चारधाम यात्रा का दूसरा पड़ाव गंगोत्री धाम है। गंगोत्री धाम में भी काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। 30 अप्रैल से शुरू हुई गंगोत्री धाम की यात्रा में अभी तक 463332 श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। वहीं 13 जून को 11923 श्रद्धालुओं ने मां गंगा के दर्शन किए।

### यमुनोत्री धाम

चारधाम यात्रा की शुरुआत यमुनोत्री धाम से होती है। धाम के कपाट 30 अप्रैल को खोले गए थे। जिसके बाद यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है। अभी तक 460335, श्रद्धालु मां यमुनोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। वहीं आज 13 जून को 10840 श्रद्धालुओं ने यमुनोत्री धाम की यात्रा की।

### बदरीनाथ धाम

चारधाम यात्रा का आखिरी पड़ाव बदरीनाथ धाम की यात्रा है। अभी तक 790913 श्रद्धाल बदरीनाथ धाम की यात्रा कर चुके हैं। वहीं 13 जून को 19544 श्रद्धालुओं ने भगवान बदरीविशाल के दर्शन कए।

### हेमकुंड साहिब

सिखों के पवित्र धर्म स्थल श्री हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खोले गए थे। अभी तक 101838 श्रद्धालु हेमकुंड साहिब के दर्शन कर चुके हैं। 13 जून को 6178 श्रद्धालुओं ने हेमकुंड साहिब की यात्रा की। ऐसे में कुल मिलाकर देखा जाये तो 13 जून को 72994 श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा की। अभी तक कुल 2835958 चारधाम यात्रा कर चुके हैं। इसमें हेमकुंड साहिब श्रद्धालुओं की संख्या भी शामिल है।

नीट-2025 रिजल्ट घोषित

# मुक्तेश तन्मय बने उत्तर प्रदेश टॉपर

लखनऊ। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET-2025) का परिणाम शनिवार को जारी हो गया है। इस परीक्षा में लखनऊ के मुक्तेश तन्मय ने उत्तर प्रदेश टॉपर बनकर राज्य का नाम रोशन किया है। तन्मय ने ऑल इंडिया 36वीं रैंक हासिल की है और 700 में से 661 अंक प्राप्त किए हैं। मुक्तेश के पिता का नाम संजय कुमार और मां का नाम निर्मला मिश्रा है।






# स्पाइसजेट का मुनाफा 12 गुना बढ़ा

▶▶ जनवरी से मार्च तक 319 करोड़ का प्रॉफिट हुआ

▶▶ 7 साल बाद पूरे वित्त-वर्ष मुनाफे में रही कंपनी

एजेंसी | मुंबई

स्पाइसजेट ने अब तक का सबसे बड़ा मुनाफा दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही यानी जनवरी से मार्च तक कंपनी को 319 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट (कॉन्सोलिडेटेड) हुआ है। ये पिछली तिमाही से 12 गुना ज्यादा है। अक्टूबर से दिसंबर के बीच कंपनी को 26 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। करीब 7 साल बाद पहली बार पूरे वित्त वर्ष में कंपनी फायदे में रही है। चौथी तिमाही में रिकॉर्ड प्रॉफिट के साथ-साथ कंपनी ने 1,942 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया है।

### प्रमोटर्स का कंपनी में 500 करोड़ का निवेश




स्पाइसजेट की नेटवर्थ भी लगातार सुधर रही है। इस के आखिर में 683 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। प्रमोटर ग्रुप ने कंपनी में 500 करोड़ रुपए का निवेश किया, जिसमें से 294 करोड़ रुपए जनवरी-मार्च तिमाही में आए। इससे कंपनी की फाइनेंशियल हालत और मजबूत हुई।

### नए रूट्स का विस्तार

स्पाइसजेट ने घरेलू नेटवर्क में 24 नई फ्लाइट्स शुरू कीं और तूतुकुड़ी, पोरबंदर, देहरादून जैसे नए शहरों को जोड़ा। इसके अलावा, कंपनी ने हज के लिए स्पेशल फ्लाइट्स शुरू कीं। इससे कंपनी का मुनाफा बढ़ा। कंपनी ने अगले वित्त वर्ष के लिए काठमांडू से इंटरनेशनल फ्लाइट्स की भी शुरुआत कर दी है।


### स्पाइसजेट के रिकॉर्ड मुनाफे के तीन कारण रहे

मजबूत पैसेंजर डिमांड और खर्चों पर कंट्रोल स्पाइसजेट की इस वापसी की वजह मजबूत पैसेंजर डिमांड, खर्चों पर कंट्रोल और टिकटों की सही प्राइसिंग। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की ऑपरेटिंग इनकम 17.5% बढ़कर 1,446 करोड़ रुपए रही। पैसेंजर लोड फैक्टर 88% से ज्यादा रहा, यानी ज्यादातर फ्लाइट्स में सीटें भरी रहीं।

# ब्याज दरों में कटौती से एफपीआई का रुख बदला

एजेंसी | नई दिल्ली

ब्याज दरों में कटौती के बाद विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों में 3,346.94 करोड़ रुपए डाले हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) ने यह जानकारी दी। भारतीय रिजर्व बैंक ने 6 जून को ब्याज दरों में 50 आधार अंक की कटौती करने का फैसला किया। इस घोषणा ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को भारतीय बाजारों की तरफ आकर्षित किया।



### इस्राइल-ईरान संघर्ष बढ़ने से माहौल फिर बिगड़ा

9 जून से 13 जून तक सप्ताह के पहले तीन कारोबारी सत्रों में एफपीआई का मजबूत प्रवाह हुआ। हालांकि, सप्ताह के अंत में इस्राइल-ईरान के बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने निवेशकों को चिंता में डाला। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को एफपीआई ने भारतीय बाजारों से 3,275.76 करोड़ रुपए निकाले। इस बड़ी बिकवाली के कारण सप्ताह के लिए शुद्ध निवेश का आंकड़ा घटकर 3,346.94 करोड़ रुपए रह गया।

### 2025 में अब तक मई में रहा अच्छा प्रदर्शन

इससे पहले मई में शुद्ध एफपीआई प्रवाह सकारात्मक रहा और 19,860 करोड़ रुपए रहा। इससे विदेशी निवेश के मामले में मई इस साल अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला महीना बन गया। पिछले महीनों के आंकड़ों से यह भी पता चला कि एफपीआई ने मार्च में 3,973 करोड़ रुपए निकाले, जनवरी में 78,027 करोड़ रुपए निकाले और 34,574 करोड़ रुपए के शेयरे बेचे थे। सप्ताह के दौरान सकारात्मक प्रवाह के बावजूद, जून के लिए कुल मिलाकर एफपीआई निवेश की प्रवृत्ति नकारात्मक बनी हुई है। एनएसडीएल की आंकड़ों के अनुसार, जून में अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय इक्विटी बाजारों से 5,402 करोड़ रुपए निकाले हैं।

### एसबीआई का होम लोन 0.50% हुआ सस्ता



**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने लोन की ब्याज दरों में 0.50% की कटौती की है। इस कटौती के बाद SBI से सभी तरह के लोन लेना अब सस्ता हो गया है। अब SBI की होम लोन की ब्याज दर सालाना 7.50% से शुरू होंगी। RBI ने हाल ही में रेपो रेट को 6.00% से घटाकर 5.50% किया है। जिसके बाद बैंकों ने भी FD और लोन की ब्याज दरों में कटौती शुरू कर दी है। इससे पहले यूनियन बैंक और पंजाब नेशनल बैंक ने भी लोन की ब्याज दरों में कटौती की है। नए लोन लेने वालों के लिए: अगर आप नया होम लोन लेने की सोच रहे हैं, तो अब आपको कम ब्याज देना होगा।

# चेन्नई में उपभोक्ता संरक्षण पर क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग ने चेन्नई में दक्षिणी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उपभोक्ता संरक्षण विषय पर एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र को सशक्त बनाना और क्षेत्रीय संस्थागत दक्षता में सुधार लाना था।

### कार्यशाला में सचिव निधि खरे रहीं मुख्य वक्ता



कार्यक्रम की मुख्य वक्ता उपभोक्ता कार्य विभाग की सचिव निधि खरे रहीं। उन्होंने आधुनिक कानूनी ढांचे और डिजिटल समाधानों की आवश्यकता पर जोर देते हुए उपभोक्ता शिकायतों के समाधान के लिए राइट टू रिपेयर पोर्टल, ई-जागृति और राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइनजैसी पहलों की उपयोगिता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि इन उपायों के ज़रिए मुकदमेबाजी से पहले ही शिकायतों का त्वरित और किफायती समाधान संभव है।

# फतेहाबाद परमाणु परियोजना की समीक्षा करने पहुंचे केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल

**नई दिल्ली/चंडीगढ़।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को हरियाणा के फतेहाबाद जिले में निर्माणाधीन गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना(जीएचएवीपी) की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उनके साथ मौजूद रहे। यह परियोजना उत्तर भारत का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र है।

### परमाणु ऊर्जा विभाग की बड़ी परियोजना



यह परियोजना भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत कार्यान्वित की जा रही है। इसमें 700 मेगावाट क्षमता के चार प्रेशराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) लगाए जा रहे हैं। इसकी कुल लागत 41,594 करोड़ रुपए है। मंत्रालय के मुताबिक, परियोजना के पूरा होने पर उत्पन्न होने वाली बिजली का 50 प्रतिशत हिस्सा हरियाणा को मिलेगा, जिससे राज्य की ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।

# सुपरटेक के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

**नोएडा।** सीबीआई ने नोएडा स्थित कंस्ट्रक्शन कंपनी सुपरटेक लिमिटेड और इसके प्रवर्तक आरके अरोड़ा समेत अन्य के खिलाफ 126.07 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। सीबीआई की एफआईआर में आरके अरोड़ा के साथ-साथ कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक संगीता अरोड़, मोहित अरोड़ा, पारुल अरोड़ा, विकास कंसल, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार शर्मा और अनिल कुमार जैन के नाम भी शामिल हैं। शनिवार को सीबीआई ने नोएडा और गाजियाबाद स्थित आरोपियों के आधिकारिक और आवासीय परिसरों सहित पांच स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया था।



# दक्षिण अफ्रीका बना वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन




## 27 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट जीता

### चोकर्स का ठप्पा हटा, कई रिकाड्‌र्स बने

- इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने खुद पर लगा चोकर्स का ठप्पा भी हटा दिया। साथ ही आईसीसी खिताब का 27 साल का सूखा भी खत्म कर दिया। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 1998 के बाद पहली बार आईसीसी की कोई ट्रॉफी जीती है। टीम ने अपना पहला और एकमात्र आईसीसी खिताब 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था।
- दक्षिण अफ्रीका को 282 रन का लक्ष्य मिला था जो उसने पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह क्रिकेट के मक्का लॉड्‌र्स में 141 साल के इतिहास में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए संयुक्त दूसरी सबसे बड़ी जीत है। वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ 1984 में 344 रन का लक्ष्य एक विकेट खोकर पा लिया था।

### ▶▶ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया

एजेंसी । लंदन

फाइनल मुकाबले में चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल बाद आईसीसी खिताब जीतने का अपना सपना पूरा कर लिया। अब दक्षिण अफ्रीका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन बन गया है। सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम ने कमाल की शतकीय पारी खेली और अपनी टीम की जीत की पटकथा लिखी। ऑस्ट्रेलिया ने इस मुकाबले में जीत के लिए प्रोटियाज को 282 रनों का लक्ष्य दिया था। मारक्रम के शतक और कप्तान टेम्बा बावुमा के अर्धशतक के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने चौथे दिन मुकाबला अपने नाम कर लिया। मारक्रम और बावुमा के अलावा विआन मल्डर ने 27 रनों की पारी खेली।

### पहली पारी में दोनों टीम के बल्लेबाज हुए फेल

दोनों ही टीमों की पहली पारी कोई खास नहीं रही। ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 212 रनों पर सिमट गई। पूरी टीम 56.4 ओवर में आउट हो गई। कगिसो रबाडा ने कमाल की गेंदबाजी की और 5 विकेट चटकाए। उनका भरपूर साथ मैक्रो यानसेन ने दिया, जिन्होंने 3 विकेट अपने नाम किए। एक-एक सफलता मारक्रम और केशव महाराज को मिली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे अधिक 72 रन बी वेबस्टर ने बनाए। स्टीव स्मिथ ने 66 रनों की पारी खेल टीम को 200 के पार पहुंचाया। 6 बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाए। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के 212 रनों के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 138 रन पर ढेर हो गई। कमिंस ने 6 विकेट झटककर प्रोटियाज टीम को झकझोर दिया। बडिंघम के बल्ले से 45 रन निकले और वह टीम के टॉप स्कोरर रहे। पहली पारी में मारक्रम खाता भी नहीं खोल पाए। कमिंस के अलावा 2 विकेट मिशेल स्टार्क ने चटकाए और एक सफलता जोश हेजलवुड को मिली। पहली पारी के बाद अनुमान लगाया जा रहा था कि दक्षिण अफ्रीका की टीम एक बार फिर चोकर्स साबित होगी और फाइनल मुकाबला गंवा देगी। लेकिन दूसरी पारी में बल्लेबाजों ने कमाल कर दिया।

### ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी नाकाम

ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरी पारी में भी फेल हो गई और केवल 207 रन जोड़ पाई, जिससे दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 282 रनों का लक्ष्य मिला। मिशेल स्टार्क ने नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम के लिए पचासा जड़ा। 43 रन विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी के बल्ले से निकले। रबाडा एक बार फिर स्टार रहे और उन्होंने 4 विकेट चटकाए। लुंगी एनगिडी ने 3 कंगारुओं का शिकार किया। एक-एक सफलता मारक्रम, यानसेन और मल्डर को मिली। दक्षिण अफ्रीका को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन बनने के लिए अब 282 रन बनाने थे।

### मारक्रम ने खेली 136 रनों की कमाल की

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही और उन्होंने अपना पहला विकेट रियान रिकल्टन के रूप में 9 के स्कोर पर गंवा दिया। इसके बाद मारक्रम ने मल्डर के साथ 61 रनों की साझेदारी की। मल्डर के बाद कप्तान टेम्बा बावुमा क्रीज पर आए और उन्होंने मारक्रम के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। मारक्रम और बावुमा के बीच तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की बड़ी साझेदारी हुई और यहीं से मैच ऑस्ट्रेलिया के हाथों से निकल गया।

## बड़े 'पंच' ने दक्षिण अफ्रीका को बनाया पहली बार विश्व चैंपियन

### कैगिसो रबाडा का कहर

- दो राय नहीं कि फाइनल में पहले ही दिन से दक्षिण अफ्रीका के लिए टोन सेट करने का काम उसके उस स्टार पेसर कैगिसो रबाडा ने किया, जो पिछले दिनों डोप टेस्ट में विफल होने के कारण आईपीएल में नहीं खेल सका। रबाडा ने पहली पारी में 5 सहित मैच में 9 विकेट चटकाकर कंगारू बल्लेबाजों को एकदम हत्थे से उखाड़ दिया।

### दीवार बन गए मार्करम

- पहली पारी में दक्षिण अफ्रीकी ओपनर मार्करम खाता भी नहीं खोल सके थे, लेकिन जब टीम को सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब इस बल्लेबाज ने हाथ खड़ा करते हुए ऐसी 136 रन की पारी खेली, जिसे आने वाले कई सालों तक याद रखा जाएगा। दूसरी पारी में मानो वह कंगारुओं और जीत के बीच दीवार बन गए। मार्करम ने पूरी तरह संभाले रखा और दक्षिण अफ्रीका की जीत को सुनिश्चित किया।

### टेंबा बावुमा की कप्तानी पारी

- यह सही है कि मार्करम शतक पूरा नहीं कर सके, लेकिन यह एकदम सही है कि दक्षिण अफ्रीका की जीत का आधार उनके और मार्करम के बीच तीसरे विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी करी। इस साझेदारी ने कंगारुओं के लगातार दूसरी बार वर्ल्ड डेल्टा चैंपियनशिप जीतने के सपने को तार-तार कर दिया। और इस पार्टनरशिप में बावुमा की 5 चौकों से खेली गई 66 रन की पारी बहुत ही अहम रही।

### जानसेन और एंगिडी ने भी दिखाया दम

- जहां रबाडा और मार्करम ने अपने प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीकी टीम को फ्रंटफुट पर रखा, तो इनका साथ माको जानसेन और लुंगी एंगिडी ने भी पूरा-पूरा दिया। पहली पारी में लेफ्टी जानसेन ने 3 विकेट चटकाए, तो दूसरी पारी में कंगारू 207 पर ही सिमट गए, तो इसमें लुंगी एंगिडी ने स्मिथ सहित तीन अहम विकेट चटकाए।

## न्यूज ब्रीफ

### पेरिस डायमंड लीग में नीरज की नजरें स्वर्ण पदक पर

**पेरिस।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अब पेरिस डायमंड लीग में गोल्ड जीतने के इरादे से उतरने जा रहे हैं। 20 जून को होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में चोपड़ा की निगाहें पहले स्थान पर रहेंगी, खासतौर पर तब जब वह पिछली दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहे हैं। 27 वर्षीय नीरज ने पिछले वर्ष पेरिस लीग में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने आखिरी बार 2017 में इस लीग में भाग लिया था, जब वे जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। प्रतियोगिता में नीरज का मुकाबला दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स से होगा। आयोजकों के अनुसार, नीरज और पीटर्स उन पांच एथलीटों में शामिल हैं जिन्होंने अपने करियर में 90 मीटर से अधिक दूरी तक भाला फेंकने का कारनामा किया है।

### मन्नत अमेच्योर गोल्फ में इतिहास रचने के बाद बाहर

**नायरन।** मन्नत बरार ने 122वीं महिला अमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन प्री-क्वार्टर फाइनल में मामूली अंतर से हार गईं। यह इस प्रतियोगिता में किसी भारतीय द्वारा किया गया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मन्नत स्ट्रोक-प्ले प्रतियोगिता में 16वें स्थान पर रहीं और फिर दो मैच जीतकर अंतिम 16 में पहुंच गईं। उन्होंने अंतिम 64 में जर्मनी को उमा बेर्गनेर जबकि अगले मुकाबले में आयरलैंड की रेबेका गर्डनर को शिकस्त दी। हालांकि वह अंतिम-16 में स्पेन की पाउला फ्रांसिस्को से मामूली अंतर से पिछड़ कर खिताबी दौड़ से बाहर हो गईं।

### अवनि हुलेनकोर्ट ओपन में दूसरे स्थान पर बरकरार

**हुलेनकोर्ट।** भारत की अवनि प्रशांत लेडीज यूरोपीय टूर के हुलेनकोर्ट महिला ओपन गोल्फ में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। उन्होंने शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरे दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेला। बेंगलुरु की 18 वर्षीय इस खिलाड़ी का कुल स्कोर अब सात अंडर पर है और वह शीर्ष पर चल रही जर्मनी की हेलेन ब्रीम (68-68) से सिर्फ एक स्ट्रोक पीछे है। कट में जगह बनाने वाली अन्य भारतीयों में दीक्षा डागर (72-73) संयुक्त 38वें स्थान पर और त्वेसा मलिक (76-70) संयुक्त 50वें स्थान पर हैं।

## भारत को भारी पड़ा आखिरी क्षणों में गोल गंवाना

▶▶ ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारा भारत

▶▶ एफआईएच प्रो लीग में लगातार पांचवीं हार

एजेंसी । एंटवर्प

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग में एक बार फिर निराशा हाथ लगी। शनिवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले 2-0 की बढ़त बनाई, लेकिन अंतिम क्षणों में लगातार गोल गंवाकर ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गया।




**अभिषेक के दो गोल, लेकिन जीत नहीं**

भारतीय टीम ने बेहतरीन शुरुआत की और अभिषेक ने आठवें और 35वें मिनट में गोल दागते हुए भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई। लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने वापसी करते हुए आक्रामक खेल दिखाया।


विश्व कप शूटिंग

## आर्या बोरसे-अर्जुन बबूता की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक

### 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में चीन को हराया

एजेंसी । म्यूनिख

भारतीय निशानेबाजों आर्या बोरसे और अर्जुन बबूता की जोड़ी ने म्यूनिख में चल रहे शूटिंग विश्व कप में देश को स्वर्ण पदक दिलाया है। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन की जोड़ी जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से हराया।



**भारत को मिला दूसरा स्वर्ण, कुल पदकों की संख्या हुई चार**

### नॉर्वे को कांस्य, इलावेनिल-अंकुश रहे छठे

वहीं नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टैड और जॉन-हरमन हेग की जोड़ी ने कांस्य पदक के मुकाबले में अमेरिका की सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी को 16-14 से शिकस्त दी। भारत की दूसरी जोड़ी इलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव 631.8 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रही।

### पहले भी जीत चुकी हैं पदक

आर्या बोरसे इससे पहले साल की शुरुआत में पेरू के लीमा में आयोजित विश्व कप में रुद्राक्ष पाटिल के साथ 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीत चुकी हैं। इस बार उन्होंने बबूता के साथ मिलकर भारत के लिए एक और गौरवशाली उपलब्धि दर्ज की है।

फिडे विश्व रैपिड टीम चैंपियनशिप

## टीम एमजीडी 1 ने कब्जाया विश्व रैपिड टीम खिताब

**लंदन।** भारतीय शतरंज को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी और प्रणव की अगुवाई में 'टीम एमजीडी1' ने फिडे विश्व रैपिड टीम चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि यह खिताब जीतने वाली यह पहली भारतीय टीम बन गई है। छठी वरीयता प्राप्त टीम एमजीडी1 ने तीन दिन में खेले गए 12 रैपिड राउंड में से 10 में जीत हासिल की। उसने कुल 21 अंक जुटाए, जो दूसरे स्थान पर रही टीम हेक्सामाइंड से एक अंक अधिक थे। विश्वनाथन आनंद की टीम 'फ्रीडम' 17 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।




# बॉलीवुड



## प्रसशंक ने कमल हासन को दिया तलवार, आगबबूला हुए अभिनेता



दिग्गज अभिनेता और मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) प्रमुख कमल हासन शनिवार को चेन्नई में पार्टी मीटिंग में शामिल हुए। यहां स्टेज पर हाईवॉल्टेज ड्रामा शुरू हो गया। दरअसल, मामला एक तोहफे के चलते शुरू हुआ और फिर स्थिति को देखते हुए सिक्योरिटी को आना पड़ा। पार्टी मीटिंग के दौरान स्टेज पर चढ़कर एक शख्स ने कमल हासन को तलवार भेंट की। इसे देखते ही कमल हासन चौंक गए और साथ ही बदल गए उनके चेहरे के भाव। पहले उन्होंने यह तोहफा ग्रहण किया। मगर, फिर शख्स ने कुछ ऐसी डिमांड कर दी कि कमल हासन गुस्से से आगबबूल हो गए। दरअसल, स्टेज पर चढ़कर आए शख्स ने जब कमल हासन को तोहफे में तलवार दी तो अभिनेता ने उसे खुशी-खुशी स्वीकार किया। वे मुस्कुराए भी। मगर फिर शख्स ने डिमांड कर दी कि वे उस तलवार को मियान से निकालकर फोटो क्लिकर कराएं। इस पर कमल हासन ने साफ इनकार कर दिया।

## लंदन पहुंची विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर'





निर्देशक विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह फिल्म अब 16वें लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा है। 22 जुलाई को इस फिल्म का बीएफआई लंदन में यूके प्रीमियर होने वाला है। विनोद कापड़ी की यह फिल्म हिमालय की पृष्ठभूमि पर आधारित है। 'पायर' में एक बुजुर्ग जोड़े के बारे में दिखाया गया है। वह एक-दूसरे से बहुत प्यार करते हैं, लेकिन बदलते पहाड़ी समाज में जीवित रहने के लिए संघर्ष करते हैं। इससे पहले भी इस फिल्म ने कई बड़े प्रतिमान हासिल किए हैं। आइए इसके बारे में जानते हैं। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता विनोद कापड़ी निर्देशित फिल्म 'पायर' का प्रीमियर पिछले साल नवंबर में तेलिन ब्लैक नाइट्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी हो चुका है। इस फिल्म को वहां खूब सराहा गया। इस फिल्म के प्रीमियर पर विनोद कापड़ी, दोनों बुजुर्ग कलाकारों को भी साथ लेकर गए। फिल्म ने नवंबर 2024 में तेलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में ऑडियंस अवार्ड जीता था। इसी साल मार्च में 'पायर' को स्पेन के मशहूर 24वें इमेजिन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में छह कटेगरी में नामांकित किया गया। विनोद कापड़ी की यह फिल्म सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ कहानी, सर्वश्रेष्ठ संगीत, सर्वश्रेष्ठ डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी और सर्वश्रेष्ठ म्यूजिक डिजाइनिंग के लिए नामांकित हुई है। विनोद कापड़ी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया था कि उनकी फिल्म का प्रीमियर बेल्जियम में 'MOOOV' फिल्म फेस्टिवल में होगा।

## भारी-भरकम बजट में बनाई गई 'अखंड 2'

अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण अपनी आगामी फिल्म के लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म का नाम है, 'अखंड 2'। यह साल 2021 में आई 'अखंड' का ही सीक्वल है। हाल ही में अभिनेता के जन्मदिन के अवसर पर फिल्म का टीजर जारी किया गया था, जिसे काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। फिल्म के बजट पर चर्चा हो रही है और कहा जा रहा है कि इसे मोटी लागत के साथ बनाया गया है।

**कितना है फिल्म का बजट?**

फिल्म 'अखंड 2' को बनाने में पानी की तरह पैसा बहाया गया है। तेलुगु 123 की रिपोर्ट के मुताबिक जानकारी यह है कि यह फिल्म 180 करोड़ रुपये के भारी भरकम बजट में बनी है, जो बालकृष्ण के करियर में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। कहा यह भी गया है कि फिल्म की अधिकांश लागत को इसकी नॉन-थियेट्रिकल राइट्स से वसूला जाएगा।

**सितंबर में होगी रिलीज**

फिल्म 'अखंड 2' का निर्देशन बोयापति श्रीनु ने किया है। 'अखंड' का निर्देशन भी उन्होंने किया था, जो कि बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। सीक्वल से भी काफी ज्यादा उम्मीदे हैं। अपना भारी-भरकम बजट निकालने के लिए फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मेकर्स नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म को व्यापक स्तर पर रिलीज करने की तैयारी में हैं। 'अखंड 2' सिनेमाघरों में 25 सितंबर को रिलीज की जाएगी।

**एक्शन से भरपूर है फिल्म** यह फिल्म एक्शन से भरपूर है।

## मोनालिसा का पहला गाना 'सादगी' रिलीज

मोनालिसा इस साल जनवरी महीने से ही खूब चर्चा में हैं। वह बहुत जल्द ही फिल्मों में भी नजर आएंगी। इससे पहले उनके फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। शनिवार को वायरल गर्ल मोनालिसा का पहला गाना 'सादगी' रिलीज कर दिया गया है, जिससे उनके एक्टिंग की शुरुआत हो गई है। मोनालिसा ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रख दिया है। उनका पहला म्यूजिक वीडियो 'सादगी' उत्कर्ष सिंह के साथ रिलीज हुआ है। इस वीडियो में मोनालिसा सफेद लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही हैं और उनकी आंखें देखने लायक है। इस गाने के बोल को भी दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है। साथ ही मोनालिसा और उत्कर्ष सिंह के बीच की कमेस्ट्री भी शानदार दिख रही है। वायरल गर्ल मोनालिसा का पहला म्यूजिक वीडियो सामने आते ही दर्शक इसे खूब प्यार दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि मोना तो हैं ही क्यूट। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा कि बहुत सुंदर, खुशकिस्मत लड़की। एक और यूजर ने कहा कि इसलिए इनका नाम मोनालिसा है, जिस नजरिए से देखोगे वैसी दिखाई देंगी। शानदार गाना। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कहा कि उनके पास मोनालिसा और उत्कर्ष सिंह की तारीफ के लिए शब्द कम पड़ गए। इतना ही नहीं कुछ ही देर में इस गानों को हजारों लोगों ने देख लिया।



एयर इंडिया ट्रेजेडी

# मृतकों का आंकड़ा 275 तक पहुंचा

## डीएनए जांच से अब तक 11 लोगों की पहचान

एजेंसी | अहमदाबाद

अहमदाबाद विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत का ऑर्डर दिया गया। बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एअर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया। इधर, अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिंटेंडेंट रजनीश पटेल ने शनिवार को कहा- अब तक 248 शवों के DNA सैंपल्स का क्रॉस वेरिफिकेशन हुआ है, जिसमें से 11 का DNA मैच हुआ है। पटेल ने कहा कि आज एक महिला का शव उनके परिवार को सौंपा गया। शुक्रवार का 8 शव उनके परिजनों को हैंडओवर किया गया था। कुल 9 शव सौंपे जा चुके हैं। 8 घायलों का इलाज चल रहा है, एक की हालत गंभीर है। वहीं, सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया- केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की गई है। जो 3 महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।



### डीएनए नमूनों से की जा रही मृतकों की पहचान

अधिकारियों ने बताया कि डीएनए नमूनों का मिलान करके मृतकों की पहचान की जा रही है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद शवों को उनके सगे-संबंधियों को सौंप दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि अहमदाबाद फायर एंड इमरजेंसी सर्विस (एएफईएस) ने मेघाणीनगर इलाके में दुर्घटना स्थल से पिछले 24 घंटों में कुछ शरीर के अंगों के साथ एक शव भी बरामद किया है।

### शनिवार सुबह घटना स्थल से मिला एक शव

अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी जयेश खड़िया ने बताया कि दुर्घटना स्थल पर फोरेंसिक और विमानन विशेषज्ञों की जांच में अग्निशमन कर्मी मदद कर रहे हैं। उन्हें शुक्रवार को कैंटीन के मलबे से कुछ शरीर के अंग मिले, जबकि शनिवार सुबह एक शव मिला है।

### एअर इंडिया हताहतों को तत्काल 25 लाख रुपए देगा

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने शनिवार को घोषणा की कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों और एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति को तत्काल वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए 25-25 लाख रुपए का अंतरिम मुआवजा देगी। एअर इंडिया ने अपने X हैंडल से किए एक पोस्ट में कहा, 'हमारे निरंतर प्रयासों के तहत, एअर इंडिया मृतकों के परिजनों और जीवित बचे लोगों को तत्काल वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद करने के लिए 25 लाख रुपए का अंतरिम भुगतान प्रदान करेगा। यह टाटा संस द्वारा पहले से घोषित 1 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता के अतिरिक्त है।'

### टेल फिन को नीचे उतारने के लिए क्रेन की ली जाएगी मदद

खड़िया ने आगे बताया कि विमान का टेल फिन कैंटीन की क्षतिग्रस्त इमारत के ऊपर अटका है, जिसे नीचे लाने के लिए क्रेन की मदद ली जा रही है। उन्होंने कहा, 'एअर इंडिया के अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद हम टेल फिन को इमारत से नीचे लाने का काम शुरू करेंगे।'

### पायलट का आखिरी मैसेज सामने आया

अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामले में विमान के पायलट सुमित सभरवाल का एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (ATC) को भेजा गया आखिरी मैसेज सामने आया है। 4-5 सेकेंड के संदेश में सुमित कह रहे हैं, 'मेडे, मेडे, मेडे... थ्रस्ट नहीं मिल रहा। पावर कम हो रही है, प्लेन उठ नहीं रहा। नहीं बचेंगे।'

# 'और मिसाइलें दागीं तो तेहरान को जला देंगे'


## इजरायल की ईरान को खुली चेतावनी

## हमलों के बीच 78 की मौत, 320 घायल

एजेंसी | तेहरान

इजरायल और ईरान के बीच तनाव खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। इजरायल के रक्षा मंत्री योआव कैट्ज ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर ईरान ने इजरायल पर मिसाइल हमले जारी रखे, तो इजरायल "तेहरान को जला देगा।" यह चेतावनी ऐसे समय पर आई है जब शनिवार सुबह ईरानी हमले में कम से कम तीन इजरायली नागरिकों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हुए। इजरायली सेना प्रमुख के साथ एक बैठक के बाद, रक्षा मंत्री कैट्ज ने कहा कि "ईरान को इजरायली नागरिकों पर हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।" उन्होंने सीधे तौर पर ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मिसाइलें नहीं रुकीं, तो इजरायल की अगली कार्रवाई विनाशकारी होगी।

### तेहरान, तबरीज और केरमानशाह में धमाके



ईरानी राज्य टीवी के मुताबिक, खुर्रमाबाद, केरमानशाह और तबरीज में एयर डिफेंस सिस्टम ने जवाबी कार्रवाई की। तबरीज से सामने आए वीडियो में शहर से काला धुआं उठता दिखा, जो इजरायली हमले के बाद हुए नुकसान की ओर इशारा करता है। इजरायली अधिकारियों के मुताबिक, हमलों में युद्धक विमानों के साथ-साथ पहले से तैनात ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया। इन हमलों का उद्देश्य ईरान की अहम सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाना और शीर्ष जनरलों एवं वैज्ञानिकों को मारना था। ईरान के संयुक्त राष्ट्र प्रतिनिधि ने बताया कि इन हमलों में 78 लोग मारे गए और 320 से ज्यादा घायल हुए हैं। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार की, जिससे यरुशलम और तेल अवीव की इमारतें तक हिल गईं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दिल्ली की कोर्ट ने एक शख्स को 22 साल बाद किया रिहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक कोर्ट ने आस्ट्रेलिया में वर्ष 2003 में हुई हत्या के मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति को पहचान की गलती मानते हुए रिहा कर दिया है। अदालत ने यह फैसला फारेंसिक रिपोर्ट में फिंगरप्रिंट मेल न खाने के आधार पर सुनाया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रणव जोशी की अदालत ने आदेश में 37 वर्षीय मोहम्मद बशीरुद्दीन को बरी कर दिया। कोर्ट ने पाया कि बशीरुद्दी की गिरफ्तारी गलत पहचान के चलते हुई थी। अदालत ने कहा कि सीएफएसएल की रिपोर्ट सीलबंद पैकेट में मिली।

### एक्सियम 4 मिशन की नई तारीख, 19 जून को होगी रवानगी

**वाशिंगटन।** ISRO एस्ट्रोनॉट और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी ISS ले जाने वाले एक्सियम 4 मिशन की नई तारीख अब 19 जून तय की गई है। ISRO ने यह जानकारी दी। शुभांशु शुक्ला उन चार सदस्यों के क्रू का हिस्सा हैं, जो ISS जा रहा है। उनका ये मिशन 14 दिन का होगा।

### 10 करोड़ की ड्रग्स के साथ विदेशी गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु सेंट्रल क्राइम ब्रांच (CCB) ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में 10 करोड़ रुपए कीमत की MDMA ड्रग्स के साथ एक विदेशी को गिरफ्तार किया। आरोपी कुछ साल पहले दिल्ली आया था और हाल ही में ड्रग की खेप के साथ बेंगलुरु पहुंचा था। कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तारी की गई।

### बिहार में 18 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**पटना।** बिहार सरकार ने पटना में हालिया फायरिंग के बाद IPS अधिकारियों का बड़े स्तर पर तबादला किया। पटना SSP और तीन सिटी SP सहित कुल 18 IPS अधिकारियों की तैनाती बदलकर कानून व्यवस्था को मजबूत करने की तैयारी।

आईएमए पासिंग आउट परेड

# भारतीय सेना को मिले 419 जांबाज अधिकारी

## 9 देशों के 32 कैडेट्स भी पास

**देहरादून।** देहरादून की भारतीय सैन्य अकादमी में शनिवार को पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। परेड में 451 कैडेट्स पास आउट हुए, जिसमें 419 भारतीय और 9 मित्र देशों के 32 कैडेट्स शामिल थे। आईएमए में गहन प्रशिक्षण के बाद अब सभी भारतीय कैडेट्स सेना में अधिकारी बन गए हैं और बतौर लेफ्टिनेंट देश की सीमाओं की रक्षा करेंगे। पासिंग आउट परेड के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीलंका की सेना के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीके जीएम लसंथा रोड्रिगो मौजूद रहे। रोड्रिगो 1990 में भारतीय सैन्य अकादमी से ही पास आउट हैं। पासिंग आउट परेड के दौरान कैड्टस का उत्साह और उमंग देखते ही बनता था। परेड के बाद उन पर हेलीकॉप्टर से फूलों की बारिश भी की गई। इस अवसर पर पास आउट



होने वाले कैडेट्स के परिजन भी मौजूद रहे। कड़ी मेहनत के बाद सेना में अफसर बनने की खुशी का कोई सानी नहीं था। इस दौरान उन्होंने अपनी इस सफलता पर खुशी जताई और कहा कि कड़ी मेहनत के बाद उन्हें यह सफलता मिली है। पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि श्रीलंका के सेना प्रमुख लासाथा रोड्रिगो ने परेड की सलामी ली और अपने संबोधन में कहा कि जो विदेशी कैडेट पास आउट होकर जा रहे हैं, वह एक सैनिक के तौर पर जा रहे हैं। लेकिन वह भारतीय सैन्य अकादमी के एंबेसडर भी हैं।

# टीएमसी में फूट की आशंका

## टीएमसी की 21 जुलाई की रैली के पोस्टरों पर केवल ममता की होगी तस्वीर

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने फैसला किया है कि 21 जुलाई को होने वाली शहीद दिवस रैली के सभी आधिकारिक पोस्टरों पर सिर्फ पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी की तस्वीर होगी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने यह कहते हुए रैली से खुद को अलग कर लिया कि वह 1993 में हुए आंदोलन का हिस्सा नहीं थे। पार्टी में दूसरे नंबर के नेता माने जाने वाले अभिषेक के पोस्टर से बाहर होने के फैसले ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है, जिससे पार्टी में फूट की अटकलें लगाई जा रही हैं। टीएमसी के वरिष्ठ सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने शनिवार को पार्टी के भवानीपुर कार्यालय में हुई बैठक के बाद अभिषेक बनर्जी के इस कदम की जानकारी दी। बंद्योपाध्याय ने पत्रकारों से बात कर बताया कि 21 जुलाई की रैली के पोस्टर में केवल ममता बनर्जी की तस्वीर है। अभिषेक बनर्जी खुद नहीं चाहते कि उनकी फोटो पोस्टर में हो। उन्होंने यह कहते हुए रैली से खुद को अलग कर लिया कि वह 1993 में मूल आंदोलन के हिस्सा नहीं थे।



### अभिषेक बनर्जी ने 2011 में राजनीति में प्रवेश किया

पार्टी नेताओं के अनुसार, अभिषेक बनर्जी ने 2011 में टीएमसी के सदस्य के रूप में राजनीति में प्रवेश किया। उन्हें तृणमूल युवा का अध्यक्ष बनाया गया, जिसे बाद में तृणमूल युवा कांग्रेस में मिला दिया गया। पार्टी में पोस्टर और नेताओं की फोटो को लेकर विवाद कोई नया नहीं है। पहले भी इसको लेकर विवाद हो चुका है।

### नवंबर 2023 की रैली में भी अभिषेक का फोटो न होने पर उठे थे सवाल


नवंबर 2023 में जब नेताजी इंडोर स्टेडियम में एक बड़ी रैली हुई थी, तब भी सिर्फ ममता की फोटो पोस्टरों पर थी। उस समय टीएमसी के प्रवक्ता कुणाल घोष ने अभिषेक की तस्वीर न होने पर सवाल उठाए थे। इस साल की शुरुआत में, विभिन्न पार्टी कार्यालयों में वितरित किए गए टीएमसी कैलेंडर में भी पहले दोनों की फोटो थी, लेकिन बाद में राज्य नेतृत्व ने जिला नेताओं को कैलेंडर का उपयोग न करने का निर्देश दिया। इसके बाद अभिषेक की तस्वीर को नेताजी इंडोर स्टेडियम में फरवरी की रैली सहित प्रमुख पार्टी कार्यक्रमों से हटा दिया गया।

# पत्नी के लिए पति ने बनाया मिनी ताजमहल!

## मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में घर बना आकर्षण का केंद्र

एजेंसी | बुरहानपुर

मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में एक पति ने अपनी पत्नी को ताजमहल जैसा घर बनाकर दिया है। ये आलिशान ताजमहल जैसा घर शहर और शहर के बाहर लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया है।मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में रहने वाले आनंद प्रकाश चोकसी ने अपनी पत्नी के लिए ऐसा अनोखा तोहफा तैयार किया है, जो अब देशभर में चर्चा का विषय बन चुका है। उन्होंने ताजमहल से प्रेरित होकर एक खूबसूरत घर बनवाया, जो हूबहू आगरा के ऐतिहासिक स्मारक की याद दिलाता है।



### तीन साल की मेहनत

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस घर को तैयार करने में पूरे तीन साल लगे। इसे बनाने से पहले इंजीनियरों ने असली ताजमहल का गहराई से अध्ययन किया। निर्माण में कई चुनौतियां आईं, लेकिन बारीक नक्काशी और ढांचे की सटीकता बनाए रखने के लिए पश्चिम बंगाल और इंदौर से कलाकार बुलाए गए।

### 29 फीट उंचा गुंबद

इस आलीशान घर की छत पर 29 फीट उंचा गुंबद बनाया गया है, जो ताजमहल की संरचना से मेल खाता है। घर की फर्श के लिए राजस्थान के मकराना संगमरमर का इस्तेमाल किया गया है, वहीं फर्नीचर मुंबई के कारीगरों द्वारा खासतौर पर तैयार किया गया है।

### क्या-क्या है इस ताजमहल जैसे घर में?

इस खास घर में एक विशाल हॉल, दो निचले मंजिल पर और दो ऊपरी मंजिल पर बेडरूम, एक लाइब्रेरी और एक मेडिटेशन रूम शामिल है। अंदर और बाहर की रोशनी इस तरह से सजाई गई है कि रात के अंधेरे में भी यह घर असली ताजमहल की तरह चमकता है।

### बुरहानपुर से ताजमहल का गहरा संबंध

आनंद चोकसी ने बताया कि उनके मन में हमेशा यह सवाल था कि जब मुमताज महल का निधन बुरहानपुर में हुआ था, तो ताजमहल भी यहीं क्यों नहीं बना? इतिहासकारों के अनुसार, मुमताज महल की मृत्यु 1631 में बुरहानपुर (वर्तमान मध्य प्रदेश) में 14वें बच्चे को जन्म देते समय हुई थी।

# 300 राइफल और हथियार बरामद, पांच उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस, सीएपीएफ, सेना और असर राइफल्स ने पांच घाटी जिलों में छापेमारी करके 300 राइफल और हथियार बरामद किए हैं। इसके अलावा जबरन वसूली के आरोप में प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस के एडीजीपी लाहरी दोर्जी लातू ने कहा कि 13-14 जून की मध्य रात्रि में मणिपुर पुलिस, सीएपीएफ, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीमों ने घाटी के 5 जिलों के बाहरी इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया। संयुक्त टीमों द्वारा विस्फोटक और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई।

# कश्मीर घाटी में फिर से खोले गए 8 पिकनिक स्पॉट

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद किए गए थे बंद

**पहलगाम/श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में अप्रैल में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद एहतियातन बंद किए गए पर्यटन स्थलों को अब एक बार फिर से आम जनता और पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को पहलगाम में इसकी घोषणा की।



### इन पर्यटन स्थलों को फिर से किया गया सुलभ

एलजी सिन्हा ने बताया कि अनंतनाग जिले में पहलगाम, बेताब घाटी, पहलगाम बाजार का स्थानीय पार्क, वेरीनाग गार्डन, कोकेरनाग गार्डन और अच्छाबल गार्डन को फिर से खोला गया है। श्रीनगर में बादामवारी पार्क, निगीन झील के पास डक पार्क और दरगाह हजरतबल के पास तकदीर पार्क भी अब सैलानियों के लिए सुलभ हैं।

# तीन महिला समेत चार नक्सली ढेर

## बालाघाट एनकाउंटर

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच एक जबरदस्त मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। पहाड़ों और घने जंगलों से घिरा यह जंगली इलाका नक्सलियों का गढ़ माना जाता है। सुरक्षाबल ने न सिर्फ नक्सलियों को मार गिराया, बल्कि उनके पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए। विशेष पुलिस महानिदेशक (नक्सल) पंकज श्रीवास्तव ने इस मुठभेड़ की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई बिथली थाना क्षेत्र के पचामा दादर के पहाड़ी इलाके में हुई। इस मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों समेत चार नक्सली ढेर हुए। कुछ नक्सली मौके से फरार हो गए। इनकी तलाश में ही सुरक्षाबल जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।

### हथियारों का जखीरा बरामद



मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबल ने मौके से एक हैंड ग्रेनेड, रॉकेट लॉन्चर, एक 315 राइफल और कई कारतूस बरामद किए। सुरक्षाबल की यह कार्रवाई खुफिया जानकारी आधार पर की गई। उन्हें पता चला था कि नक्सली इस इलाके में किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में थे। हॉक फोर्स और अन्य सुरक्षाबलों ने मिलकर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

मौसम | बढ़ रही नमी, घट रही हवा की रफ्तार

# ग्लोबल वॉर्मिंग ने बदला गर्मी का मिजाज

## हीटवेव का दायरा बढ़ा, लू अब ठंडे राज्यों तक पहुंची, विशेषज्ञों ने चेताया

एजेंसी | नई दिल्ली

ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण भारत में गर्मी के पैटर्न में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। हवा में नमी बढ़ रही है, लू पहले से अधिक इलाकों को अपनी चपेट में ले रही है, और हीटवेव अब पारंपरिक रूप से ठंडे माने जाने वाले राज्यों तक पहुंच गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह सिर्फ मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है।




### हर 1 डिग्री तापमान बढ़ने पर 7% तक बढ़ रही नमी

भारतीय मौसम विभाग के पूर्व महानिदेशक के. जे. रमेश ने बताया कि वैश्विक तापमान में प्रत्येक 1C वृद्धि पर हवा में नमी को सोखने की क्षमता 7% बढ़ जाती है। यही वजह है कि अब सूखे क्षेत्रों में भी उमस महसूस हो रही है, जिससे गर्मी और ज्यादा जानलेवा बनती जा रही है।

### हीटवेव का नया नक्शा: ठंडे राज्यों तक पहुंची लू

'शिफ्टिंग हीटवेव जोन' नामक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि अब हीटवेव राजस्थान और विदर्भ तक सीमित नहीं रही। अरुणाचल प्रदेश, केरल, और जम्मू-कश्मीर जैसे ठंडे इलाकों में भी पिछले दो दशकों में लू की घटनाएं दर्ज की गई हैं। 1981 से 2019 के बीच उत्तर भारत में 'अत्यधिक गर्म दिनों' की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी देखी गई है।

### मानसून की चाल धीमी, तेज गर्म हवाएं कर रहीं उत्तर भारत को बेहाल

इस बार मई में दिल्ली में रिकॉर्ड 186.4 मिमी बारिश हुई, जिससे कुछ राहत मिली, लेकिन जून के पहले सप्ताह से हालात बदल गए। पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ गया है और अब रेगिस्तानी हवाएं उत्तर भारत को झुलसा रही हैं। स्काइमेट वेदर के महेश पलावत के मुताबिक मानसून की गति थमी हुई है और उत्तर-पश्चिमी शुष्क हवाएं लगातार बनी हुई हैं, जिससे तापमान और नमी दोनों बढ़ गए हैं।

### हवा की रफ्तार घटी, गर्म क्षेत्र ठंडक से वंचित

नए शोध दर्शाते हैं कि प्री-मानसून महीनों (मार्च से मई) में उत्तर भारत में हवा की गति घट गई है, जिससे ठंडी हवाएं अब गर्म इलाकों तक नहीं पहुंच पा रहीं। इसके विपरीत दक्षिण भारत में तेज हवाएं नमी को फैलाने में मदद कर रही हैं, जो मानसून की प्रणाली को प्रभावित कर सकती हैं।

### हीट स्ट्रोक से हजारों मौतें, खतरे में हैं शहर

1991 से 2020 तक की हीटवेव से संबंधित मौतों के अध्ययन में बताया गया है कि आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना जैसे राज्यों में अप्रैल-जून के बीच हजारों लोगों की जान चली गई। अकेले आंध्र प्रदेश में 2011-2020 के बीच गर्मी के दो महीनों में 3,182 मौतें दर्ज की गईं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी हालात चिंताजनक हैं।